
रोहतक
बुधवार 1 अप्रैल 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 56
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 34.5
न्यून. 14.9

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# ट्रंप बोले, हमसे तेल खरीदो नहीं तो होर्मुज से ले आओ

### *हम किसी देश की मदद नहीं करेंगे, खुद को ही संभालना होगा, ईरान काफी हद तक कमजोर*



दुबई/तेहरान/वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि तेल की ऊंची कीमतों से परेशान देश अपने तेल का इंतजाम स्वयं करें, क्योंकि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए हुए है। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन सहयोगियों के प्रति निराशा जताई, जोकि महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को फिर से खोलने में अमेरिका की मदद करने को तैयार नहीं हैं। ट्रंप ने लिखा, अब अमेरिका किसी देश की मदद नहीं करेगा। देशों को खुद ही अपने हालात संभालने होंगे। ब्रिटेन जैसे देश जो होर्मुज स्ट्रेट से तेल नहीं ले पा रहे हैं, उन्हें अमेरिका से तेल खरीदना चाहिए, क्योंकि अमेरिका के पास इसकी कोई कमी नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि अगर देश चाहें, तो हिम्मत दिखाएं और खुद होर्मुज जाकर तेल ले लें। अमेरिका उनकी मदद के लिए नहीं आएगा, जैसे वे अमेरिका की मदद के लिए नहीं आए। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान काफी हद तक कमजोर हो चुका है और सबसे मुश्किल काम पहले ही पूरा हो गया है। अब बाकी देश खुद जाकर अपना तेल ले सकते हैं। (पेज 8 भी देखें)

### स्पेन के बाद ईटली ने भी दिया अमेरिका को झटका

अमेरिका को स्पेन के बाद अब इटली से भी झटका लगा है। दरअसल, इटली ने तेहरान के खिलाफ सैन्य अभियानों के लिए अमेरिकी विमानों को सिसिली स्थित उसके एक अहम हवाई अड्डे का उपयोग करने की अनुमति देने से इनकार किया है। नाटो में स्पेन के बाद इटली ऐसा सहयोगी देश बना गया है, जिसने अमेरिका को सैन्य सुविधाओं से वंचित किया है।

## खबर संक्षेप

### पंचकूला नगर निगम बैंक घोटाले में एक और गिरफ्तार

**सरहिंद।** पंचकूला नगर निगम बैंक घोटाले में एक और आरोपी कपिल निवासी राजपुरा (पंजाब) को सरहिंद से गिरफ्तार किया गया है। उसके बैंक खाते में एमसी पंचकूला के खाते से 2.36 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए थे। वह सह-आरोपी रजत को जानता है, जो फिलहाल पुलिस हिरासत में है। एक अन्य आरोपी विनोद, निवासी राजपुरा (पंजाब) की वर्ष 2024 में मृत्यु हो चुकी है। उसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है। इस मामले जांच जारी है कई आरोपी और गिरफ्तार किए जा सकते हैं। *एजेंसी*

# आईडीएफसी बैंक घोटाले की सीबीआई जांच, प्रदेश सरकार ने केंद्र को लिखा पत्र, कई आईएएस घेरे में

### 18 सरकारी विभागों में 590 करोड़ के गोलमाल का मामला

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में करोड़ों रुपये के बैंक घोटाले मामले ने तूल पकड़ लिया है। राज्य सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई से जांच करवाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र भेज दिया है। इसके बाद से निजी बैंकों में गोलमाल करने वालों की नींद हराम हो गई है। शुरुआती चरण में जांच का फोकस आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर रहेगा, जहां 18 सरकारी विभागों के करीब 590 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है। इनके अलावा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक में भी फ्रॉड सामने आया है। इनकी भी जांच हो सकती है। भले ही सरकार के खाते में 590 करोड़ वापस कर दिए गए हैं, लेकिन सरकार ने मामले में सख्त रुख अपना लिया है, फिलहाल जांच प्रदेश सरकार का एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) कर रहा था। इस मामले में कई आईएएस अफसरों की भूमिका संदेह के घेरे में है।




**ईडी कर चुकी 19 स्थानों पर छापेमारी**

एसीबी बैंक कर्मियों सहित ज्वेलर्स और सरकार के दो वित्त अधिकारियों को गिरफ्तार कर चुकी है। ईडी भी 19 ठिकानों पर छापामारी कर चुकी है। बताया जा रहा है कि एक वरिष्ठ आईएएस की धर्मपत्नी बैंक अधिकारी और उसके करीबियों ने भी खेल किया था। अब ये एजेंसियों के निशाने पर हैं।

### मुख्य बातें

- 18 सरकारी विभागों के 590 करोड़ का मामला
- एफडी में निवेश के नाम पर रकम डायवर्ट
- कई बैंक और अधिकारी जांच के दायरे में
- अब तक कई गिरफ्तारियां बड़े खुलासे संभव

### क्या है पूरा घोटाला

सरकार के 18 विभागों द्वारा करीब 590 करोड़ की राशि आईडीएफसी बैंक में जमा कराई गई थी। यह राशि एफडी में निवेश करने के लिए थी। इसके बाद एक विभाग ने अपना खाता बंद कर राशि दूसरे बैंक में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया। इस प्रक्रिया के दौरान खाते की वास्तविक शेष राशि और विभाग द्वारा बताई गई राशि में अंतर पाया गया। तो घोटाले का खुलासा हुआ।

**सरकार का सख्त रुख :** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सीबीआई जांच के बाद इस घोटाले में और बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# कई जिलों में बारिश और ओले गिरे, किसानों को भारी नुकसान

**आफतः** खेतों में पककर तैयार खड़ी फसल के जमीन पर गिरने से खराब होने का खतरा | **संकट बरकरारः** विभाग का दावा, इस हफ्ते ऐसा ही रहेगा मौसम, अलर्ट रहें

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश के कई जिलों में बारिश और ओले गिरने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर गिरने और भीगने से दाना खराब होने का अंदेशा है। बारिश और हुई तो गेहूं का दना काला पड़ा जाएगा। मंगलवार दोपहर को मौसम ने करवट बदली। इसके कारण हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, रेवाड़ी, भिवानी और महेंद्रगढ़ समेत कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे, सोनीपत, फतेहाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद और नूंह में बारिश हुई। भिवानी के तोशाम में मुख्यमंत्री नायब सैनी की रैली के दौरान भी बारिश हुई, हालांकि अलर्ट को देखते हुए यहां वाटर प्रूफ पंडाल लगाया गया था। वहीं, मौसम विभाग का कहना है कि इस हफ्ते मौसम ऐसा ही रहेगा। किसान और आमजन अलर्ट रहें।


रेवाड़ी में ओलों की बौछार

**यहां गिरे ओले**
हिसार, रेवाड़ी महेंद्रगढ़, सिरसा भिवानी और फतेहाबाद

**यहां हुई बारिश**
गुरुग्राम, नूंह सोनीपत और फरीदाबाद समेत कई जिले

**पारा गिरा**
तापमान में औसतन 2 से 5 डिग्री की गिरावट

**सावधान रहें किसान :** कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मौसम में किसानों को सावधान रहना होगा। गेहूं की कटाई न करें। इससे नुकसान हो सकता है, जो पछेती फसल है उसमें अभी सिंचाई न करें। बदलते मौसम में फसलों में नमी बढ़ने से रोग लगने की संभावना है। किसान फसलों की लगातार निगरानी रखें।

### फतेहाबाद में बिजली गुल

फतेहाबाद समेत कई जिलों में तेज अंधड़ और बरसात के कारण सैकड़ों पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। यातायात प्रभावित हुआ। कई इलाकों में बिजली गुल होने से ब्लैकआउट जैसे हालात बन गए। सबसे ज्यादा नुकसान फतेहाबाद में हुआ। यहां कई गांवों में करीब 100 पेड़ और 30 से अधिक बिजली के खंभे गिरे हैं।

### अभी बूंदाबांदी के आसार

पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगले 40 घंटों में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी रहने और तेज हवा चलने के आसार हैं। 3 अप्रैल को फिर पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसके कारण 3 से 5 अप्रैल तक दिल्ली, हरियाणा एनसीआर में बारिश होगी। इसके बाद फिर 7 अप्रैल को भी मौसम बदलेगा।

*- डॉ. चंद्रमोहन*
*मौसम विशेषज्ञ, नारनौल*

## कैथल में वारदात

# पत्नी पर संदेह और कर दी बेटी की हत्या

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** गांव प्योदा के पास एक व्यक्ति ने पत्नी के चरित्र पर संदेह के कारण अपनी 11 साल की बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने खुद पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल करते हुए कहा कि किसी ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया और उसके पैसे भी छीन लिए हैं। थाना तितरम पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो पता चला कि किशोरी का शव नहर के पास एक गड्डे में पड़ा है। पुलिस ने पिता से सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान जींद के गांव जयपुर गधड़ी के गोवर्धन के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अपनी पत्नी पर दूसरे के साथ संबंध होने का शक करता था। सोचता था कि बेटी भी उसकी नहीं है। इसलिए इस वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी उसने अपनी दूसरी बेटी की भी हत्या कर दी थी।


पहले किया बेटी के अपहरण का ड्रामा, बाद में खुलासा

### मामा के घर ले जाने की बात कहकर निकला था घर से

डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि गोवर्धन सुबह परिवार को यह कहकर अपनी बेटी को साथ लाया था कि उसके मामा के घर सीवन लेकर जा रहा है। लेकिन उसने रास्ते में ही बेटी की हत्या कर दी।

## बेंगलुरु का मामला

# पति मृत मिला तो पत्नी ने भी दी जान


मायके से लौटी थी पत्नी शाजिया दोनों ही सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे नौ साल पहले की थी शादी

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर पति-पत्नी ने अपने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पति-पत्नी हैदराबाद के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान भानु चंद्र रेड्डी (बाबू रेड्डी) और उनकी पत्नी शाजिया के रूप में हुई है। दोनों निजी कंपनियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करते थे। बताया जा रहा है कि पत्नी शाजिया मायके से लौटी थी। उसने कई बार घर का दरवाजा खटखटाया कोई जवाब नहीं मिला तो शाजिया ने सिक्योरिटी और पड़ोसियों को बुलाया। दरवाजा तोड़ने पर उसके पति का शव फंदे से लटका मिला। इसके कुछ ही मिनट बाद शाजिया भी फ्लैट से बाहर निकलीं और उसी अपार्टमेंट की 17वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। रेड्डी और शाजिया की शादी को लगभग नौ साल हो गए थे और वे इससे पहले सह जीवन यानी 'लिव-इन' में रहते थे। पुलिस ने कोथनूर थाने में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 3 अगस्त से संभालेंगे पदभार

# इंडिगो ने वॉल्स को नया सीईओ बनाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन, इंडिगो ने मंगलवार को ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व प्रमुख विलियम उर्फ विली वॉल्श को नया सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की। विलियम वॉल्श को सीईओ नियुक्त करने की घोषणा करते हुए इंडिगो ने बताया कि आईएटीए में उनका कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त हो रहा है। उनके इंडिगो में तीन अगस्त तक कार्यभार संभालने की उम्मीद है। यह घोषणा इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स के पिछले साल दिसंबर में अचानक इस्तीफा देने के लगभग तीन सप्ताह बाद की गई है। एक्सचेंज फाइलिंग में इंडिगो ने कहा- हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि नॉमिनेशन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश के बाद निदेशक मंडल ने मंगलवार को हुई बैठक में, वॉल्श को कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति नागरिक उड्डयन मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी मिलने के अधीन होगी। वॉल्श को एविएशन इंडस्ट्री में 'यूनियन क्रशर' के नाम से जाना जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह उनका ब्रिटिश एयरवेज में कार्यकाल रहा है। 2010 और 2011 के दौरान उन्होंने केबिन क्रू यूनियन के साथ टकराव लिया।


आईएटीए में उनका कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त हो रहा है




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका
सोने और चांदी के सिक्के
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~As per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles until March 2025. World's no 1 disclaimer- World's largest Two-Wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: Certificate from SIAM dated 9th January 2026.^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. #Limited period offer, T&C apply. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of Splendor+ drum brake non i3S variant applicable in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122, Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868, Assandh: Sandhu Hero, 9996571157, Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550, Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056, Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505, Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057, Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433, Gohana: Krishna Hero, 9289923026, Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082, Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147, Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050, Jind: National Hero, 9289922061, Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062, Karnal: Nirmal Hero, 9289922048, Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988, Ladwa: Khanna Hero, 9289922063, Mandidabwali: Karan Hero, 9289922490, Nuh: Sunil Hero, 9289923087, Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058, Narwana: Narwana Hero, 9289923101, Palwal: Devvaahan Hero, 9289922877, Panchkula: Regent Hero, 9289923161, Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059, Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393, Rewari: Virendra Hero, 9289922060, Rohtak: Shivam Hero, 9289922047, Sirsa: Khanna Hero, 9289923195, Sonipat: Madaan Hero, 9289922865, Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394, Hansi: Sunil Motors, 9821744694, Gurugram: Sec-18, Noble Enclave: Globe Agencies, 9289233915, Himgiri Hero, 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero, 9289923221, Autoneeds Hero, 9289922051, Jasodha Hero, 9289922495, Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero, 9289924089, Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Nit: Sehgal Hero, 7217627327, VPS Jindal Motors, Neelambata Road, 9289235889.

RS/Hero/03/26

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय विवि में एथलेटिक ट्रैक का उद्घाटन

**महेंद्रगढ़।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में खेल सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए 10.5 करोड़ की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय मानक के सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का उद्घाटन कर इसे खिलाड़ियों व विश्वविद्यालय के छात्रों को समर्पित किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्रीय विश्वविद्यालय में विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का योगदान विषय पर छात्रों से संवाद कर उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियाँ गिनाते हुए कहा कि पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने 100 वर्ष की उपलब्धियां हासिल करने का काम किया है।

### अंबाला में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित होगी

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. बीआर अम्बेडकर की प्रतिमा अम्बाला छावनी में 12 क्रास रोड पर स्थापित की जाएगी। प्रतिमा स्थापित करने के लिए उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए की राशि जारी कर दी है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रतिमा स्थापित करने के लिए 50 लाख रुपए की राशि नगर परिषद, अम्बाला सदर को जारी की गई है और जल्द ही अब डॉ. बीआर अम्बेडकर की प्रतिमा 12 क्रास रोड पर स्थापित होगी।

### हेल्थ सप्लीमेंट के 254 बॉक्स उड़ाए, आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने गाड़ी से हेल्थ सप्लीमेंट के डिब्बे चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनकी पहचान बिलाल व नफीश निवासी सबरस, जिला नूंह के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार विजेन्द्र निवासी गांव छपार, जिला झज्जर, थाना सराय ख्वाजा में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह भौडाकलां क्षेत्र में हेल्थ सप्लीमेंट का कार्य करता है। 13 अक्टूबर 2025 को उसने एक गाड़ी किराये पर लेकर 254 बॉक्स में हेल्थ सप्लीमेंट का सामान लोड कर फरीदाबाद स्थित एक फर्म अपोलो हेल्थ कॉरपोरेशन में भेजा था। 14 अक्टूबर को जब सामान उतारकर गिनती की गई तो कुछ बॉक्स में से सप्लीमेंट के डिब्बे गायब पाए गए।

### बातचीत में उलझाकर महिला की चेन काटी

**फरीदाबाद।** युवक ने ऑटो में साथ बैठी महिला को बातों में उलझाकर उसकी सोने की चेन काट ली। महिला जब घर पहुंची तो उसे वारदात को पता चला। इसके बाद उसने परिवार के साथ मिलकर पुलिस को शिकायत दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उन्होंने आगे बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने कार्रवाई करते हुए 29 मार्च को आरोपी अनिकेत निवासी गांधी कॉलोनी सहित फरीदाबाद वासी एक महिला को गिरफ्तार किया। जिनको न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। जांच अधिकारी ने बताया कि रिमांड में चेन बरामद करेंगे।

### बिना पर्ची-बिना खर्ची भर्ती हुए कर्मचारी तैयार करेंगे किसानों की रिपोर्ट : मुख्यमंत्री

**तोशाम में उन्नत सिंचाई उत्सव मेले में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत**

# हरियाणा को एक सप्ताह में मिलेंगे 2500 पटवारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं भी किसान का बेटा हूं, मैंने भी खेती की है। किसान को प्राकृतिक आपदा झेलनी पड़ती है। पटवारी व तहसीलदारों ने जो रिपोर्ट भेजी, उस आधार पर मुआवजा दिया। अब एक सप्ताह में 2500 पटवारी गांवों में आएंगे, जो बिना पर्ची खर्ची भर्ती हुए हैं। वह किसानों की तेजी से रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भजेंगे, जिससे किसानों पर समय पर मुआवजा व अन्य योजनाओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री भिवानी के तोशाम में आयोजित उन्नत सिंचाई उत्सव में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उन्नत सिंचाई उत्सव मेले का शुभारंभ किया और 2 दिनों तक चलते वाले मेले को तीन दिनों तक चलने की घोषणा की। इस दौरान चौधरी सुरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम ने सुरेंद्र सिंह व पूर्व सीएम बंसीलाल को भी याद किया। सीएम नायब सिंह सैनी ने भिवानी के तोशाम में 107 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कई घोषणाएं भी की। चौ. सुरेंद्र सिंह स्टेडियम में हुए कार्यक्रम के दौरान मौसम खराब रहा।

### आपदा में राजनीतिक रोटियां न सेकें विपक्ष

सीएम नायब सैनी ने कहा कि कोई आपदा हो, पीएम मोदी देश के लोगों के साथ खड़े रहते हैं। किसी देश का युद्ध हो, पीएम मोदी वहां से हर भारतीय को सुरक्षित लाते हैं। लेकिन विपक्षी आपदा में भी अवसर ढूंढते हैं और राजनीति करते हैं। विपक्ष राजनीतिक रोटी ना सेकें, लोगों में भ्रम ना फैलाएं। विपक्ष भ्रम फैलाता है, हम पेट्रोल डीजल या गैस की कमी नहीं आने देंगे। कालाबाजारी पर रोक लगाई और एफआईआर दर्ज करवाई। इस स्थिति को देखते हुए गैस पाइपलाइन बिछाने का काम तेजी से किया। वहीं, विपक्ष को गलत बयान बाजी करने की बजाय सहयोग करना चाहिए।सीएम नायब सैनी ने कहा कि तोशाम के लोगों व मिट्टी में सुरेंद्र सिंह का नाम हमेशा रहेगा। उनका व्यक्तित्व महान व जीवन समाजसेवा को समर्पित था। मोदी के नेतृत्व में और लोगों के आशीर्वाद से हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनी। पूर्व सीएम बंसीलाल हरियाणा निर्माता थे, उन्होंने विकास की नई इबारत लिखी। बंसीलाल ने सपनों को पूरा करने के लिए नहरी व लिफ्ट इरीगेशन का काम कर किसानों की किस्मत बदली, हम तोशाम के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### 107 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

**100 बेड का होगा अस्पताल :** सीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए तोशाम के उपमंडल अस्पताल को 50 बेड से बढ़ाकर 100 बेड का जनरल अस्पताल बनाया जाएगा। इसकी विस्तृत फिजिबिलिटी जांच कराकर इसे जल्द से जल्द अपग्रेड करने का काम किया जाएगा।

**कॉलेज में विज्ञान संकाय शुरू होगा**

शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कैरू राजकीय कॉलेज में विज्ञान संकाय शुरू करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसे शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। इससे हमारे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

**मंडी में किसानों को मिलेगी सुविधाएं**

नायब सैनी ने कहा कि किसानों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई अनाज मंडी, जुई में शेड की मरम्मत, मार्केट कमेटी कार्यालय के लिए नए कमरों का निर्माण तथा अन्य आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। साथ ही मार्केट कमेटी की सड़कों के सुधार का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा।

**गांवों में बनेंगे आधुनिक स्टेडियम**

तोशाम निर्वाचन क्षेत्र के जिन-जिन गांवों में खेल स्टेडियम की आवश्यकता बताई गई है, वहां आधुनिक खेल स्टेडियमों का निर्माण कराया जाएगा। चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल स्टेडियम को अत्याधुनिक खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे यह क्षेत्र खेल गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र बन सके।

**भूमि का उचित मूल्य देंगे**

सीएम सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि खरीदने का काम कर रही है। अंबाला और नारायणगढ़ में यह प्रक्रिया चल रही है और एक सप्ताह के भीतर यहां भी ई-भूमि पोर्टल शुरू कर दिया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से अपनी भूमि देने पर विचार करें। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक प्रक्रिया है, किसी पर कोई दबाव नहीं है।



### दिशा इंडियन अवार्ड में महिला शक्ति सम्मानित

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नायब सिंह सैनी ने मोहाली, पंजाब में छठे दिशा इंडियन अवार्ड में अलग अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुरुष एवं महिलाओं को सम्मानित किया। दिशा वूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह अवसर उन असंख्य संघर्षों, सपनों और संकल्पों का सम्मान करने का उत्सव है, जिन्होंने समाज को नई दिशा देने का काम किया है। दिशा इंडियन अवॉर्ड्स प्राइड ऑफ नेशन जैसा यह आयोजन उस भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता है, जो नारी शक्ति के दम पर आगे बढ़ रहा है, जो समर्पण और सेवा के मूल्यों को अपना आधार बना रहा है।

### भगवान महावीर के संदेश मानवता को सदैव प्रेरित करते रहेंगे: मुख्यमंत्री



**चंडीगढ़।** संत कबीर कुटीर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान महावीर के उपदेश अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और आत्मसंयम आज भी प्रासंगिक हैं और मानव को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के संदेश समाज में शांति, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर हम एक बेहतर और समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं।

### फरीदाबाद अग्निकांड में मारे गए कर्मियों को शहीद का दर्जा देने की मांग

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद अग्निकांड में मारे गए भवीचन्द शर्मा और रणवीर सिंह के मुद्दे पर हरियाणा सरकार द्वारा 16 फरवरी से अब तक कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने पर कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा की शाखा हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन ने सरकार के इस सौतेले व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए 8 व 9 अप्रैल को दो दिवसीय राज्य व्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। यह जानकारी देते हुए यूनियन के राज्य प्रधान राजिन्दर सिन्द व महासचिव गुलशन भारद्वाज ने बताया कि भवी चंद शर्मा व रणवीर को शहीद का दर्जा देने, 1-1 करोड़ रुपये आर्थिक राशि देने, परिवार के एक सदस्य को नियमित नोकरी देने व फायर कर्मियों की न्यायोचित मांगों के समाधान के लिए 10 मार्च से फायर यूनियन की राज्य कमेटी का जत्था लगातार प्रदेश के सभी जिलों के दमकल केंद्रों पर जनसम्पर्क अभियान चला रहा है।

### क्रेडिट कार्ड की जानकारी लेकर ठगी, युवती गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट रिडीम कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में एक महिला आरोपी को उत्तम नगर दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि ऊंचा गांव फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में शिकायत दी थी। शिकायत में उसने बताया कि 11 नवम्बर 2025 को उसके पास एक कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाली महिला ने स्वयं को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड में 2000 रिवॉर्ड पॉइंट हैं, जिन्हें रिडीम कर वह शॉपिंग कर सकता है। आरोपी महिला ने उसे एक लिंक भेजा और उस लिंक को खोलकर क्रेडिट कार्ड की जानकारी भरने के लिए कहा। जैसे ही शिकायतकर्ता ने लिंक पर अपनी जानकारी दर्ज की, कुछ ही समय बाद उसके क्रेडिट कार्ड से 25782 रुपये कट गये। शिकायत के आधार पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी महिला को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

## चिराग योजना : स्कूलों में दाखिले के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

सूबे में निःशुल्क में चिराग योजना के तहत शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को सशर्त प्रवेश मिलेगा, इसका फायदा मात्र उन परिवारों को ही होगा जिनकी आय साल में एक लाख 80 हजार तक है। इस क्रम में सरकार के दिशा निर्देशों पर विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान (चिराग) योजना को लेकर साफ कर दिया गया है कि मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई के लिए जहां पीपीपी अनिवार्य तौर पर देना होगा। वहीं, इसका लाभ वार्षिक पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार से कम वालों को मिलेगा।

- परिवार की सलाना आय 1.80 लाख से कम होनी चाहिए
- 1108 स्कूलों में 47255 सीटें आरक्षित

शिक्षा विभाग ने जनवरी में आठ लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चों को मुफ्त में शिक्षा दिलाने का फैसला ले लिया था, जिसको वापस ले लिया है। विभाग ने चिराग योजना के तहत नए शैक्षणिक सत्र के लिए 1108 मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में कुल 47 हजार 255 सीटें चिह्नित की हैं, जिन पर छठी से बारहवीं तक के छात्रों को दाखिले दिए जाने हैं। इनमें छठी कक्षा में 7340, सातवीं 7146, आठवीं 7186, नौवीं के लिए 7168 और दसवीं की 6863 सीटें शामिल हैं। उधर, ग्यारहवीं में 5829 और बारहवीं में 5723 सीटों पर दाखिले किए जाएंगे।दाखिले के लिए परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) अनिवार्य किया है, जिसमें दर्ज सत्यापित आय को ही आधार माना जाएगा। मौलिक शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नए नियमों के अनुसार पात्र बच्चों को ही लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

**15 अप्रैल तक होंगे एडमिशन**

चिराग योजना को लेकर वैसे, तो स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन का समय 30 मार्च को खत्म हो चुका है। इसके बाद में एक से पांच अप्रैल के बीच ड्रा निकाला जाएगा। स्कूलों को 15 अप्रैल तक दाखिले की प्रकिया का समापन कर सफल छात्रों की सूची विद्यालय नोटिस बोर्ड पर लगानी होगी और रिक्त बची सीटों पर प्रतीक्षा सूची के छात्रों के दाखिले 16 से 30 अप्रैल तक किए जाएंगे।

**नियम 134 ए के तहत निजी स्कूलों को 32 करोड़ जारी**

नियम 134 ए के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और गरीबी रेखा से नीचे के छात्रों को पढ़ाने वाले सात जिलों के निजी स्कूलों को प्रतिपूर्ति राशि के रूप में करीब 32 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। जिसमें अंबाला, गुरुग्राम, फतेहाबाद, कैथल, महेंद्रगढ़, पंचकूला और रोहतक शामिल हैं। शिक्षा मंत्री ढांडा ने कहा कि इस अनुदान से न केवल विद्यार्थियों को राहत मिलेगी, बल्कि निजी विद्यालयों को भी समय पर वित्तीय सहायता सुनिश्चित होगी।

### राज्यपाल ने सिसवान झील और वन अभ्यारण्य का दौरा किया



**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने लेडी गवर्नर मित्रा घोष के साथ मंगलवार को सिसवान झील और उसके साथ लगते हुए वन अभ्यारण्य के शांत वातावरण का दौरा किया और वहां की मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता और पारिस्थितिक समृद्धि का अनुभव किया। उन्होंने मोटरबोट की सवारी की और शिवालिक की पहाड़ियों के आसपास के नजारों का अवलोकन किया।

### सरकारी फंड में गड़बड़ी के आरोप में जेल मंत्री ने सरपंच को निलंबित किया

**चंडीगढ़-नारनौल।** सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने मंगलवार को नारनौल में आयोजित जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक के दौरान सरकारी धन की हेराफेरी का मामला सामने आने पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने इस मामले में कुतबापुर के सरपंच को निलंबित करने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार की नीति 'नो कॉम्प्रोमाइज' की है। ऐसे मामलों में चाहे कोई कितना भी सगा हो उसे बख्शा नहीं जाएगा। इस बैठक में पहले से निर्धारित 17 मामले सुनवाई के लिए रखे गए। मंत्री ने कहा कि सरकार अंत्योदय के भाव से पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है।

**कार्यालय नगरपालिका तरावड़ी**

**सार्वजनिक सूचना**

नगरपालिका तरावडी के सभी नगरवासियों को सूचित किया जाता है कि नागरिकों को स्वच्छता से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित समाधान हेतू नगरपालिका तरावड़ी द्वारा Dedicated Grievance Redressal Helpline Number 9034176124, 9034513791 जारी किया जाता है। स्वच्छता से सम्बन्धित शिकायत इस हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज कर सकते हैं।

नागरिको से अनुरोध है कि अपनी शिकायत दर्ज करवाते समय नाम, पता एवं समस्या का संक्षिप्त विवरण अवश्य उपलब्ध कराएं, ताकि शिकायत का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान किया जा सके।

यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।

हस्ता/- सचिव,
नगरपालिका तरावड़ी

**कार्यालय नगरपालिका तरावड़ी**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा देश को खुले में शौच मुक्त करने के लिये स्वच्छ भारत मिशन 2025-26 के अर्न्तगत अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत तरावडी शहर को शौच मुक्त करने हेतू नगरपालिका तरावड़ी द्वारा नगरपालिका स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत नगरपालिका तरावडी सभी वार्डो को खुले में शौच मुक्त करते हुये तरावड़ी शहर का ओ०डी०एफ० (ODF) घोषित कर रखा है। अब तरावड़ी शहर को (Water +) के लिये अप्लाई किया जाना है। इसका तात्पर्य है कि नगरपालिका तरावड़ी के अधीन किसी भी वार्ड में कोई भी व्यक्ति खुले में शौच न जाये। यदि इन आदेशो की अवहेलना की जाती है तो सम्बन्धित व्यक्ति पर नगरपालिका तरावड़ी द्वारा निर्धारित 500/- रु० प्रति व्यक्ति जुर्माना लगाया जायेगा। शहर को खुले में शौच मुक्त करने सम्बन्धित यदि किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति या सुझाव है तो लिखित रूप से प्रमाण सहित इस सूचना के जारी होने के एक सप्ताह के भीतर सफाई दरोगा नगरपालिका तरावड़ी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति व सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

हस्ता/- सचिव
नगरपालिका तरावड़ी

**कार्यालय नगरपालिका तरावड़ी**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार द्वारा अधिसूचित निम्नलिखित नियमों को नगरपालिका तरावडी क्षेत्र में लागू किया गया है। इन नियमों का पालन करना सभी नागरिकों, दुकानदारों कार्यालयों एवं संस्थानो के लिए अनिवार्य है:-

1. Solid Waste Management Rules, 2016
2. Plastic Waste Management Rules, 2016
3. C&D Waste Management Rules, 2016
4. Hazardous Waste Management Rules, 2016
5. E-Waste Management Rules, 2016
6. Horticulture Management Rules

निर्देश :-

1. नगरपालिका तरावडी क्षेत्र में घर-घर से कुडा उठाने की व्यवस्था की गई है। सभी नागरिकों एवं दुकानदारों से अनुरोध है कि वे अपने घर / दुकान / संस्थान में हरे व नीले रंग के कुडेदानों में गीला व सूखा कुडा अलग-अलग एकत्र कर नगरपालिका के वाहन में ही डाले। खुले में कुडा डालने वालो के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
2. नगरपालिका तरावडी क्षेत्र में 120 माइकोंन से कम मोटाई वाली प्लास्टिक थैलियों तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का प्रयोग एवं बिकी पूर्णतः वर्जित है। Plastic Waste Management Rules 2016 का उल्लघंन करने पर जुर्माना एवं प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी।
3. नगरपालिका तरावड़ी क्षेत्र में खुले में शौच अथवा पेशाब करना प्रतिबंधित है। उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया जायेगा।
4. कोई भी व्यक्ति अपने आवासीय या व्यावसायिक भवन से निकलने वाला कचरा / मलबा सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं डालेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही की जायेगी।
5. सभी सेप्टिक टैंक साफ करने वाले वाहन / एजेंसी को अपना पंजीकरण नगरपालिका तरावडी में कराना अनिवार्य है। सेप्टिक टैंक की सफाई एवं निस्तारण का पूर्ण रिकार्ड रखा जाये तथा निस्तारण केवल एस.टी.पी. पर ही किया जाए।
6. सभी होटल, बैक्वेट हाल, हॉस्टल, ढाबा एवं ऐसे संस्थान जहाँ प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक कचरा उत्पन्न होता है, उन्हे अपने परिसर में काम्पोस्ट प्लांट लगाना अनिवार्य होगा। सभी हस्पताल भी अपने कचरे का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें।
7. किसी भी स्थान पर कचरा जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
8. नगरपालिका तरावड़ी क्षेत्र में होटल, सोसायटी एवं औधोगिक क्षेत्रों में बागवानी से उत्पन्न कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन या कचरा जलाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

हस्ता/- सचिव

**प्रदेश में बायोमेट्रिक खरीद पर राज्य मंत्री राजेश नागर की सफाई**

# मंडी में फसल बेचने के लिए किसान या 3 मनोनीत में से एक का होना जरूरी, खेत छोड़कर नहीं आना होगा

■ नागर बोले- अधिकारियों को जरूरी प्रशिक्षण दिया ■ मंडियों में आज से गेहूं की खरीद शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

प्रदेश में रबी खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार 1 अप्रैल से हरियाणा में रबी की सरकारी खरीद का आगाज होना है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि रबी खरीद 2026-27 के मद्देनजर प्रदेश की अनाज मंडियों को तैयार कर लिया गया है। मंडी परिसर में साफ सफाई और किसान भाइयों की सुविधा का खास ख्याल रखा जा रहा है। इस बाबत जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों और एजेंसी के जिला प्रबंधकों को विशेष तौर से प्रशिक्षण दिया गया है।

- किसानों के नाम पर फर्जीवाड़ा रोकने के लिए मंडियों में आधुनिक व्यवस्था लागू

नागर ने बताया कि मंडियों में बायोमेट्रिक आधारित खरीद होगी, प्रक्रिया को सरल करने के लिये राज्य सरकार द्वारा स्वयं किसान या उनके द्वारा मनोनीत 3 नॉमिनियों में से केवल एक का ही बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के कारण उसे खुद खेत छोड़कर आना नहीं होगा। इसके अलावा सभी मंडी स्थानों की जिओ फेंसिंग की गई है। इस सुविधा के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी गेट पास, नीलामी, जे फंड बनाने और लिफ्टिंग से संबंधित गतिविधियां केवल मंडी परिसर के भीतर की जाएं। इसके लिए मंडी के जिओ फेंस किये गए क्षेत्र के भीतर उपस्थिति को सत्यापित किया जाता है. जिससे राज्य के किसान की फसल को कोई अन्य व्यक्ति किसान के नाम पर फर्जी तरीके से बेच न सके। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद को सुचारू रखने के लिए सरकार ने वरिष्ठ अधिकारी भी तैनात किए है।

### जियो फेंसिंग करने से किसानों को फायदा



किसानों को गेट पास जारी करते समय, वाहन के फोटो के साथ साथ वाहन नंबर देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसलिये मण्डी मे फसल लेकर आने वाले वाहनों पर नम्बर प्लेट न होने पर किसान अपने वाहन पर पेंट या हाथ से एक कागज पर लिख कर भी चिपका कर आ सकता है, उसे भी मान्य किया गया है। साथ ही, निकास गेट पास केवल तभी जारी किया जा सकता है, जब संबंधित वाहन मंडी के जियो-फेंस किए गए क्षेत्र के भीतर मौजूद हो। सभी भंडारण स्थलों की जियो फेंसिंग यह सुनिश्चित करती है कि खाद्यान्नों की गोदामों में प्राप्ति तभी हो सकेगी, जब वाहन भौतिक रूप से भंडारण स्थल के जियो-फेंस किए गए क्षेत्र के भीतर मौजूद हो। राज्य के किसान जो मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत है, से उनकी उपज की पूर्ण खरीद की जायेगी। कृषि विभाग ने किसानों द्वारा घोषित भूमि पर उगी फसल के सत्यापन के लिए उपग्रह-छवि आधारित प्रणाली शुरू की है। राजस्व और जिला कृषि अधिकारियों के सत्यापन के साथ-साथ, तीसरे स्तर के सत्यापन के रूप में हरसेक के माध्यम से हीट मैप्स का उपयोग किया जाता है।

### आयुर्वेद प्रभावी व टिकाऊ उपचार पद्धति : नायब

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चंडीगढ़ में आयोजित धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न तनाव, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य जीवनशैली संबंधी रोगों के समाधान में आयुर्वेद एक प्रभावी और टिकाऊ विकल्प प्रदान करता है। आयुर्वेद में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन पर भी बल दिया जाता है।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कॉलेज परिसर में निर्मित नए शैक्षणिक ब्लॉक का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री द्वारा साइंटिफिक जनरल का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था से जुड़े पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बीएएमएस छात्रों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

# सिंधु घाटी सभ्यता के केंद्र राखीगढ़ी में खुदाई से निकला नर कंकाल

■ इस कंकाल पर भी सिर की ओर रखा मिला है बड़ा बर्तन, शोध में कई बड़े राज खुल सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

सिंधु घाटी सभ्यता के ऐतिहासिक क्षेत्र राखीगढ़ी में टीले नंबर सात की खुदाई में एक और बड़ी सफलता हासिल हुई है। टीले की खुदाई शुरू हुई तो एक कंकाल दिखाई दिया, उसकी सिर की तरफ बड़ा बर्तन भी रखा दिखाई दे रहा है। अब तक जितने भी कंकाल मिले हैं, सभी के सिर की तरफ मिट्टी के बर्तन रखे हुए मिले हैं। यह कंकाल महिला या पुरुष का है। अभी तस्वीर साफ नहीं है। अगर कंकाल पूरी तरह से सुरक्षित निकाला तो इसका डीएनए लेकर इस बात का पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि यह लोग कहां से आए थे। इससे पहले भी यहां से कंकाल मिले हैं, जो करीब 5000 वर्ष पुराने बताए गए थे। राखीगढ़ी के टीलों पर 22 जनवरी से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ग्रेटर नोएडा की तरफ से खुदाई का कार्य का चल रहा है।

करीब एक सप्ताह पहले टीला नंबर सात पर ट्रेंच लगाकर खुदाई शुरू की तो ट्रेंच के किनारे एक कंकाल का कुछ हिस्सा दिखाई दिया। जब खुदाई को आगे बढ़ाया तो कंकाल की टांग दिखाई दी। अभी तक कंकाल का पूरा हिस्सा नहीं दिख रहा। कंकाल की सिर की तरफ एक बड़े मिट्टी के बर्तन का ऊपरी भाग दिखाई दे रहा है। कंकाल मिलने से पूरे कैंप में मौजूद सभी शोधकर्ताओं के चेहरों पर खुशी झलक रही है। बड़ी ही सावधानीपूर्वक तरीके से खुदाई के काम को आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि कंकाल को पूरी तरह से सुरक्षित निकाला जा सके।


नारनौंद। राखीगढ़ी के टीला नंबर सात पर निकला कंकाल। फोटो : हरिभूमि

### पहले 60 कंकाल मिले थे, करीब 5000 वर्ष पुराने

वर्ष 2015 -16 में टीले पर पुणे की डेक्कन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर वसंत शिंदे के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर खुदाई की गई थी और उस दौरान करीब 60 कंकाल पाए गए थे। उनमें से एक कंकाल में ही डीएनए मिला था। जिसका हैदराबाद और कोरिया में डीएनए हुआ था। बता दें कि राखीगढ़ी में 1963 से ही समय-समय पर जमीन खोदने का काम होता रहा है। वहां से जो भी पुरावशेष निकले हैं, उन्हें हिसार में हरियाणा सरकार के क्षेत्रीय संग्रहाल में सुरक्षित रखा गया है।

### किसान करते हैं खेती, विभाग लीज पर लेता है जमीन

राखीगढ़ी के टीले पर आज भी किसान द्वारा खेती की जा रही है क्योंकि ये जमीन किसान की पुश्तैनी जमीन है। जब भी पुरातत्व विभाग खुदाई करता है तो किसान से लीज पर लेकर ही यहां खुदाई की जाती है। इस जगह पर किसान ने सरसों की फसल उगाई हुई थी। लगातार इस जमीन की गुड़ाई और सिंचाई के कारण हजारों साल पुरानी सभ्यता के अवशेष नष्ट हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### विग लगाकर दूसरे की जगह पेशी पर आए युवक को किया काबू

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुडा सेक्टर थाना पुलिस की टीम ने एक आरोपी को मुर्सलीन बनकर पेश होने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया। थाना प्रभारी प्रमोद वालिया ने बताया कि थाना गांधीनगर से संबंधित एक केस में आरोपी मुर्सलीन के अदालत में बयान दर्ज होने थे। इसी दौरान उसने अदालत में एक अन्य व्यक्ति मस्तान शाह को मुर्सलीन बनाकर पेश कर दिया। फर्जी आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए सिर पर विग पहन रखी थी। जब अदालत ने उससे पूछताछ की तो वह अपने पिता का नाम और पता तक सही तरीके से नहीं बता पाया। शक गहराने पर वह व्यक्ति पानी पीने का बहाना बनाकर अदालत परिसर से फरार हो गया, जिसे बाद में पकड़ा।

### अमेरिका भेजने की जगह मैक्सिको में बंधक बनाया

**अंबाला।** वर्क परमिट पर अमेरिका भेजने का झांसा देकर डेराबस्सी के बरौली गांव के प्रविंद्र सिंह से 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित का आरोप है कि दुबई व मैक्सिको के जंगलों में बंधक बनाकर मौत का डर दिखाया गया। महेश नगर थाना पुलिस ने प्रविंद्र सिंह की शिकायत पर अशोक कुमार उर्फ बिंदर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रविंद्र सिंह ने बताया कि वह अमेरिका जाना चाहता था। जनवरी 2024 में उनके मामा के जरिये उनकी मुलाकात बकनौर गांव के एजेंट अशोक कुमार व मनदीप सिंह से हुई। आरोपियों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह 20 दिन में यूरोप के रास्ते वर्क परमिट पर अमेरिका पहुंचा देंगे। इसके लिए 45 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। 24 जनवरी 2024 को उसे दुबई भेजा गया। यहां उसे करीब 5 महीने तक बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान आरोपियों ने उनके पिता को गुमराह कर पुश्तैनी जमीन गिरवी रखवाकर लाखों रुपये वसूले। जून 2024 में उसे चीन व वहां से मैक्सिको के जंगलों में भेज दिया गया। वहां यातनाएं दी गईं व जान से मारने के लिए धमकाया।

### रि. हेडकांस्टेबल पिता पर बेटे ने चलाईं गोलियां

**झज्जर।** जमीन विवाद में एक बेटा इस कद्र हैवान बन गया कि उसने अपने ही पिता पर गोलियां चला दी। यह घटना सोमवार देर रात झज्जर के गांव ढाकला में घटित हुई। युवक ने करोड़ों की जमीनी को लेकर हुई बहस में अपने पिता को एक के बाद एक दो गोलियां मार दीं। घायल पिता को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। घायल व्यक्ति की पहचान ईश्वर सिंह निवासी ढाकला के तौर पर की गई है। ईश्वर सिंह दिल्ली पुलिस से हेडकांस्टेबल के पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि आरोपी सतीश शिक्षा विभाग में क्लर्क है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### व्यवस्था पर सवाल : दो विद्यार्थियों ने पढ़ाई के चलते जान दी

# एकेडमी की फीस न भर पाने पर 10वीं के छात्र ने मां की चुन्नी से लगाया फंदा

■ छात्र के पिता स्कूल में चपरासी, पांच हजार रुपये एकेडमी में भर चुके थे रजिस्ट्रेशन फीस, आगे की फीस को लेकर था संशय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

फर्रुखनगर में 10वीं के एक छात्र ने स्कूल स्टाफ क्वार्टर में अपनी मां की चुन्नी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि छात्र होनहार था और वह दिल्ली में किसी एकेडमी में पढ़ना चाहता था। इसके लिए मां ने रजिस्ट्रेशन के पांच हजार रुपये भी जमा करवा दिए थे, लेकिन बाकी फीस का इंतजाम नहीं हो पाया था।

जानकारी के अनुसार, बिहार के छपरा निवासी प्रभात फर्रुखनगर के निजी स्कूल में चपरासी की नौकरी करता है। उसकी पत्नी भी किसी कंपनी में काम करती है। यह परिवार पिछले करीब 15 वर्षों से स्कूल परिसर में ही रह रहा है। सोमवार को प्रभात घर से बाहर काम कर रहा था। उसकी पत्नी ड्यूटी पर गई हुई थी और 15 साल का बेटा आकाश अपने कमरे में पढ़ रहा था। बेटी भी अंदर पढ़ाई कर रही थी। सोमवार शाम करीब 6 बजे जब प्रभात की पत्नी काम से वापस घर लौटी तो आकाश कमरे में फंदे पर लटका मिला।

मौके पर पहुंचे स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। एसएचओ संतोष ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया है। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि छात्र पढ़ाई को लेकर मानसिक रूप से परेशान चल रहा था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

### 11वीं की परीक्षा में कम नंबर आने पर छात्र ने सुसाइड किया

**फरीदाबाद।** परीक्षा में कम नंबर आने पर 11वीं के छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। सोमवार रात को उसने दोस्तों के साथ पार्टी की थी। जैसे ही घर पहुंचा तो मां के साथ किसी बात को लेकर बहस हो गई। मां की डांट के बाद उसने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। फरीदाबाद के गांधी नगर में आयुष किराए के मकान में रहता था। सोमवार को आयुष का 11वीं क्लास का रिजल्ट आया था। कुछ विषय में उसके कम नंबर आए थे। इसी बात को लेकर आयुष परेशान था। बताया जा रहा है कि आयुष के कुछ दोस्तों के अच्छे मार्क्स भी आए थे। इसके बाद उन्होंने सोमवार शाम को ही एक पार्टी की। जब वह पार्टी से वापस आया तो उसकी मां से बहस हो गई। परिवार के लोग खाना खाकर अपने कमरे में चले गए। आयुष भी सोने के लिए अपने कमरे में चला गया। सुबह जब परिजन आयुष को जगाने के लिए गए तो उसका शव पर फंदे पर लटका हुआ था। परिवार ने इसके बाद तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नवीन नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को नीचे उतरवाकर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता कृष्णा चौधरी ने बताया कि आयुष का एक बड़ा भाई भी है। वह भी अभी पढ़ाई कर रहा है। नवीन नगर चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया कि आयुष दिल्ली के मोड़बंद एरिया के एक स्कूल में पढ़ता था। सोमवार को उसका रिजल्ट आया था। कम नंबर आने की वजह से वह परेशान था। जिसके चलते उसने सुसाइड कर लिया।


अस्पताल में मां विलाप करते हुए।

### यमुनानगर में बेखौफ बदमाश : गोलियां चलाकर फरार हो गए दो बाइक सवार

# अभय चौटाला के समधी व पूर्व विधायक की फैक्ट्री पर बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

■ गोलियां फैक्ट्री के गेट को छलनी कर अंदर खड़े ट्रक में लगीं, आठ खोल किए बरामद

■ पुलिस अधीक्षक ने किया घटनास्थल का दौरा, आरोपियों को जल्द पकड़ने का किया दावा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने सोमवार रात शहर के खजूरी रोड स्थित इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की फैक्ट्री के बाहर आठ राउंड फायर किए। गोलियां फैक्ट्री गेट को छलनी कर अंदर खड़े ट्रक में लगी। बताया जा रहा है कि दो बदमाश बाइक पर सवार होकर आए थे और मुंह को कपड़े से ढका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल व अन्य पुलिस टीमों के इंचार्ज मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। बता दें कि दिलबाग सिंह इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला के समधी हैं। करीब 4 साल पहले दिलबाग सिंह की बेटी की शादी अभय सिंह चौटाला के बेटे अर्जुन चौटाला के साथ हुई थी। दिलबाग सिंह दो बार आईएनएलडी से विधायक भी रह चुके हैं। उन्होंने 2009 और 2014 में यमुनानगर सीट से चुनाव जीता था। लेकिन 2019 व 2024 में वे चुनाव हार गए। 2024 में उनके प्रतिष्ठानों पर ईडी के छापे भी पड़े थे। जानकारी के अनुसार, शहर के पुराना हमीदा निवासी नवजोत ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह शहर के खजूरी रोड स्थित ट्रेनोक्स लेमिनेट फैक्ट्री में चार साल से काम कर रहा है। सोमवार रात करीब 10 बजे वह फैक्ट्री के गेट पर बने सिक्योरिटी रूम में बैठा था। इस दौरान बाइक पर दो युवक आए। आरोपियों ने अपना मुंह काले कपड़े से ढका हुआ था। आरोपियों ने आते ही फैक्ट्री के गेट पर फायरिंग शुरू कर दी।

आरोपियों ने फैक्ट्री के गेट पर आठ राउंड फायर किए। गोलियां चलने की आवाज सुनकर फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर घबरा गए। गोलियां फैक्ट्री गेट को छलनी कर अंदर खड़े ट्रक में लगी। हालांकि इससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद आरोपी बदमाश बाइक पर यमुनानगर की तरफ भाग गए।

### सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस



घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, सीआईए वन व टू की टीमें, जठलाना थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से गोलियों के आठ खोल बरामद किए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया। घटना के बाद पुलिस ने जिले में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश की, लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चल पाया। बाद में पुलिस ने नवजोत की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए जिले में नाकाबंदी की गई है। फैक्ट्री व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।

### बिल न भरने पर कनेक्शन कटा, दोबारा जोड़ने गए तो हुई बहस

# बिजली कर्मी के पीछे पिस्तौल लेकर दौड़ा युवक, गली में गिराकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले के गांव माजरा में एक युवक ने बिजलीकर्मी पर पिस्तौल तान दी। पिस्तौल लेकर युवक ने बिजलीकर्मी को गांव की गलियों में दौड़ाया। जब बिजलीकर्मी जान बचाने के लिए पड़ोसियों के घर में छिपा तो युवक उसे बाहर खींच लाया तथा नीचे गिराकर पिटाई की।

इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक बिजलीकर्मी पर पिस्तौल तानकर दौड़ा रहा है तथा उसके साथ हाथापाई करता दिखाई दे रहा है। हंगामा देखकर पड़ोस में खड़ी महिलाएं घरों में छिप गई। बिजली कर्मचारी यूनियन ने पुलिस को मामले की शिकायत दी है। बताया गया है कि निकटवर्ती माजरा गांव में एक युवक ने घर का बिजली बिल नहीं भरा था। इसी के चलते तीन दिन पहले बिजली विभाग के कर्मचारियों ने घर का कनेक्शन काट दिया था। बिल भरने के बाद मंगलवार को असिस्टेंट लाइनमैन बिशन कुमार गांव में दोबारा कनेक्शन जोड़ने पहुंचे थे।

असिस्टेंट लाइनमैन बिशन कुमार के अनुसार गांव में पहुंचते ही युवक बदतमीजी करने लगा। गाली-गलौज करने के बाद पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी देने लगा तथा मारपीट भी की गई। आसपास के लोगों ने बड़ी मुश्किल से युवक को वहां से हटाया। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन यूनियन के नेता रामनिवास शर्मा ने बताया कि यह घटना बेहद निंदनीय है। हमने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीओ की ओर से पुलिस को लिखित शिकायत दी जाएगी। सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि बिजलीकर्मी बिशन कुमार की ओर से मामले की जानकारी दी गई है। वीडियो को आधार पर घटना की जांच की जा रही है। शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



फतेहाबाद। पिस्तौल लेकर दौड़ता आरोपी व गली में गिराकर मारपीट करते हुए।

# नारनौल में मृत मिला तेंदुआ, तीन चिकित्सकों की टीम जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

जिले के गांव मौसनूता के पास एक तेंदुए की मौत का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया। डीएफओ विजेंद्र कुमार ने बताया कि मृत तेंदुए की उम्र लगभग तीन से चार वर्ष है। फिलहाल विभाग मौत के कारणों और वन्यजीव सुरक्षा के पहलुओं की जांच में जुटा है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देश अनुसार वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह प्राकृतिक मृत्यु का मामला प्रतीत होता है, जिसकी बारीकी से जांच की जा रही है। तीन पशु चिकित्सकों की टीम पोस्टमार्टम कर रही है।



### एपीके फाइल सेव करवा सेवानिवृत्त बैंककर्मी से 10 लाख की ठगी

**नारनौल।** रिटायर्ड बैंक कर्मी को मोबाइल फोन में एपीके फाइल इंस्टाल करना काफी भारी पड़ा है। ऑनलाइन ठगों ने कर्मी को झांसे में लेकर उनकी एफडी के करीब 10 लाख रुपये ठग लिए। गणेश कॉलोनी के पूर्ण चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। गत 25 मार्च को उन्होंने फेसबुक पर "पीएनबी पेंशनर रिटायरमेंट कार्ड बैनेफिट" के नाम से एक विज्ञापन देखा। इस पर क्लिक करने के बाद उनके मोबाइल फोन में "पीएनबी पेंशनर रिटायरमेंट कार्ड बैनेफिट" नाम से एक एपीके (एपीके) फाइल इंस्टॉल हो गई। इसके बाद एक कॉल आया और उनकी निजी व बैंक जानकारी एप में अपलोड करवाई। इसके बाद उनके बैंक में जमा एफडी को तोड़कर रकम पीएनबी बचत खाते में डाली गई और वहां से छह अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 10 लाख एक हजार 72 रुपये निकाल लिए गए।

# एनआईटी कुरुक्षेत्र के कामकाज पर केंद्र ने बैठाई जांच

■ निदेशक बीवी रमन्ना रेड्डी के अधिकार वापस लिए, तीन सदस्यीय कमेटी गठित

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने कुरुक्षेत्र स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के निदेशक बीवी रमन्ना रेड्डी की प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां वापस ले ली हैं। साथ ही संस्थान के कामकाज और निदेशक के नेतृत्व की भूमिका का नेतृत्व की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है। एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक रेड्डी से जब इस संबंध में जानकारी मांगी तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनआईटी कुरुक्षेत्र के कामकाज, प्रगति और मामलों की समीक्षा करने और निदेशक के नेतृत्व की भूमिका का आकलन करने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। यह समिति भर्ती और पदोन्नति प्रक्रियाओं, कर्मचारियों की शिकायतों के निपटान और केंद्रीय सतर्कता आयोग तथा अन्य एजेंसियों द्वारा भेजी गई शिकायतों से संबंधित मुद्दों की भी समीक्षा करेगी। समिति को एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। इस समिति की अध्यक्षता राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच के अध्यक्ष अनिल सहस्त्रबुद्धे करेंगे। इसके दो अन्य सदस्यों में नागपुर स्थित विश्वेश्वरय्या राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शासी मंडल के अध्यक्ष एम मदन गोपाल और भोपाल स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक के.के. शुक्ला शामिल हैं।

**दुविधा** | प्रशासन सिलेंडरों के पूरे स्टॉक का कर रहा दावा, लेकिन भंडारे के लिए नहीं दे रहा

# हनुमान जी करो बेड़ा पार... जयंती पर 10 हजार लोगों का भंडारा, सिलेंडर मिल रहे केवल दो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध की वजह से गैस किल्लत का असर अब धार्मिक कार्यक्रमों में होने वाले भंडारों पर भी दिखाई देने लगा है। दो अप्रैल को बालाजी मेहंदीपुर सेवा समिति जींद की ओर से रानी तालाब पर हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसमें करीब 10 हजार लोगों के लिए प्रसाद बनाया जाना है। विभाग से जब भंडारे के लिए 20 सिलेंडरों की मांग की गई तो उन्हें केवल दो सिलेंडर ही मंजूरी ही दी गई। संस्था ने सवाल उठाया कि केवल दो सिलेंडरों के सहारे 10 हजार लोगों का खाना कैसे बनेगा। ऐसे में यदि सिलेंडर नहीं मिले तो फिर लकड़ियों का सहारा लेना पड़ेगा।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता एवं समाजसेवी डॉ. राजकुमार गोयल ने आरोप लगाया है कि एक तरफ तो प्रशासन दावा कर रहा है कि उनके पास गैस सिलेंडर का पूरा स्टाक है वहीं दूसरी ओर हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशाल भंडारे के लिए संबंधित विभाग सिर्फ दो सिलेंडर ही उपलब्ध करवा रहा है। ऐसे में 10 हजार लोगों का इतना बड़ा भंडारा कैसे बनेगा। राजकुमार गोयल का कहना है कि बालाजी मेहंदीपुर सेवा समिति जींद के पदाधिकारी उनसे मिले थे। उन्हें सिलेंडरों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।


हनुमान जन्मोत्सव के बारे में बताते आयोजक समिति सदस्य व व्यापारी नेता।

### कार्यक्रम की मंजूरी, लेकिन सिलेंडर नहीं

संस्था के पदाधिकारी प्रवीण मितल का कहना है कि बाकायदा प्रशासन से कार्यक्रम की मंजूरी ली हुई है उसके बाद भी संबंधित विभाग और ज्यादा सिलेंडर नही दे रहा। गोयल ने मांग की है कि संस्था को कम से कम 10 सिलेंडर तो जरूर उपलब्ध करवाए जाएं। गोयल ने यह भी मांग की है कि इतने बड़े धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में सिलेंडर आवश्यकता अनुसार जरूर उपलब्ध करवाए जाएं। बता दें कि श्री बालाजी मेहंदीपुर सेवा समिति जींद द्वारा एक अप्रैल को पुरानी अनाज मंडी में बाबा का विशाल जागरण भी आयोजित किया जा रहा है। इसमें बाबा को मिल्क केक का भोग लगाया जाएगा।

### अमेरिका-इजराइल-ईरान के बीच युद्ध का असर हरियाणा में दिख रहा

# खाड़ी युद्ध के चलते पानीपत के टेक्सटाइल उद्योग की उधड़ी बखियां, माल समुद्र में फंसा, पेमेंट रुकी

**500 से ज्यादा कंटेनर फंसे 1000 करोड़ का है निर्यात**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध और अमेरिकी ट्रैरिफ की मार से उभर रहे पानीपत टेक्सटाइल पर अब अमेरिका-इजराइल-ईरान महासंग्राम का बड़ा असर दिखाई दे रहा है। एक माह से चल रहे युद्ध के कारण पानीपत से मिडिल ईस्ट के देशों को होने वाले कंबल व वरशिप मैट (दरी जिस पर मुस्लिम नमाज अदा करते हैं) का एक्सपोर्ट लगभग बंद हो गया। कंबल व वरशिप मैट के सऊदी अरब, ईरान, ईराक, मिश्र, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, बहरीन, ओमान, इजराइल, जॉर्डन, सीरिया और लेबनान जैसे बड़े देश ग्राहक हैं। युद्ध शुरू होने से कंबल व मैट लेकर जा रहे अधिकतर समुद्री जहाज बीच रास्तों में फंसे हुए हैं। टेक्सटाइल उत्पादों से लदे 500 से अधिक कंटेनर भारत के विभिन्न बंदरगाहों पर विदेश जाने के इंतजार में रखे हैं। स्मरणीय है कि मध्य पूर्व के अंतरराष्ट्रीय बाजार में पानीपत से सालाना एक हजार करोड़ के कंबल व मैट का निर्यात होता है। ईद पर मिडिल ईस्ट में मिंक कंबल की सर्वाधिक मांग होती है, लेकिन इस युद्ध ने व्यापार फीका कर दिया।

### व्यापारी बोले-विदेशों से नहीं मिल रहे ऑर्डर

हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पानीपत चैप्टर के चेयरमैन विनोद धमीजा ने कहा कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजराइल-ईरान के बीच युद्ध के कारण मिंक कंबल, वरशिप मैट आदि टेक्सटाइल प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मिंक कंबल एक्सपोर्टर नितिन जिंदल ने बताया कि कई कंटेनर जहाजों पर लदे हैं और जहाज समुद्र में फंसे हुए हैं। एक्सपोर्ट बंद होने से मिंक कंबल के मिडिल ईस्ट देशों के बॉयर्स ने पेमेंट रोक दी है। वहीं, युद्ध से हुई अशांति के चलते विदेशी बॉयर्स, पानीपत के निर्यातकों के फोन भी नहीं उठा रहे हैं और न ही नए ऑर्डर मिल रहे हैं। पानीपत एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व हैंडलूम एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन ललित गोयल ने कहा कि युद्ध के कारण पानीपत के एक्सपोर्टर्स का बहुत नुकसान हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### पीरामल फाइनेंस का एयूएम एक लाख करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पीरामल फाइनेंस के प्रबंधन के अंतर्गत कुल परिसंपत्तियां (एयूएम) एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई हैं। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा है कि विकास के अगले चरण को गति देने के लिए कंपनी एक सूक्ष्म वित्त संस्थान के अधिग्रहण की इच्छुक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जयराम श्रीधरन ने कहा कि कंपनी मार्च, 2028 के अंत तक अपने एयूएम को बढ़ाकर 1.5 लाख करोड़ रुपये करने के लक्ष्य पर कायम है।

### अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार डॉलर प्रति गैलन के पार

**न्यूयॉर्क।** ईरान युद्ध के बीच वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से अमेरिका में पेट्रोल की कीमत 2022 के बाद पहली बार औसतन चार डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई है। वाहन कंपनियों के संघ 'एएए' के अनुसार, नियमित पेट्रोल की राष्ट्रीय औसत कीमत अब 4.02 डॉलर प्रति गैलन हो गई है जो युद्ध शुरू होने से पहले की तुलना में एक डॉलर से अधिक है। इससे पहले रूस के यूक्रेन पर हमला करने के दौरान करीब चार वर्ष पहले अमेरिका में पेट्रोल इतना महंगा हुआ था।

### शशांक जैन ब्रुकफील्ड इंडिया रीट के सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) ने शशांक जैन को अपनी प्रबंधक कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) के रूप में नियुक्त किया है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मौजूदा सीईओ एवं एमडी आलोक अग्रवाल 30 जून तक पद पर बने रहेंगे, जबकि जैन की नियुक्ति एक जुलाई से प्रभावी होगी।

### गुजरात विक्ट्री ने आईपीओ लाने दस्तावेज जमा किया

**नई दिल्ली।** गुजरात विक्ट्री फोर्जिंग्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष सोमवार को दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ 65 लाख तक नए शेयर और 1.32 करोड़ तक के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।

### एफएंडओ सौदों पर एसटीटी बढ़ेगा, आयकर अधिनियम 2025 लेगा अधिनियम 1961 का स्थान

# नया आयकर कानून, कई बजटीय प्रावधान आज से होंगे लागू

साफ्टवेयर कंपनियों के लिए सेफ हार्बर प्रावधानों की सीमा बढ़ाई गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से लागू होंगे। इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं। इसके अलावा, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए 'सेफ हार्बर' प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी। आयकर अधिनियम, 2025 एक अप्रैल 2026 से आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा।

■ ई-फाइलिंग मंच नए व पुराने, दोनों आयकर कानूनों की अनुपालन की छूट देगा




### विदेशी यात्रा पैकेज पर टीसीएस अब 20 फीसदी

विदेशी यात्रा पैकेज पर टीसीएस 20 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। चिकित्सा और शिक्षा के लिए प्रेषण पर टीसीएस पांच प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत होगा। इसके अलावा, बजट में घोषित 20 वर्ष की कर छूट से घरेलू डेटा सेंटर कंपनियों को भी बड़ा लाभ मिलने की संभावना है, क्योंकि इससे वे वैश्विक ग्राहकों को सेवाएं देते समय उनकी विदेशी आय पर भारत में कर लगने के जोखिम से बच सकेंगी।

### कर नीति को अधिक तार्किक बनाया गया

नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। आयकर विभाग ने कहा कि बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही, पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी।

### एकल कर वर्ष व्यवस्था लागू

आकलन वर्ष 2026-27 (जो पुराने कानून की अवधि से संबंधित है) के लिए जुलाई 2026 में रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता पुराने कानून के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग करेंगे। कर वर्ष 2026-27 के लिए अग्रिम कर भुगतान जो जून 2026 से शुरू होगा..उसे नए कानून के अनुसार किया जाएगा। आयकर अधिनियम, 2025 में आकलन वर्ष और पूर्व वर्ष के अंतर को समाप्त कर एकल 'कर वर्ष' व्यवस्था लागू की गई है।

### वायदा अनुबंधों पर एसटीटी बढ़कर 0.05 प्रतिशत

साथ ही, समय सीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल होने पर भी टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) की वापसी बिना किसी दंड शुल्क के लेने की अनुमति दी गई है। एक अप्रैल से लागू होने वाला एक अन्य बड़ा बदलाव वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) सौदों पर एसटीटी में वृद्धि है। वायदा अनुबंधों पर एसटीटी 0.02 प्रतिशत से बढ़कर 0.05 प्रतिशत हो जाएगा। विकल्प प्रीमियम एवं विकल्प के प्रयोग पर एसटीटी क्रमशः 0.1 प्रतिशत और 0.125 प्रतिशत से बढ़कर 0.15 प्रतिशत हो जाएगा।

### छोटे निवेशकों को बचाने एसटीटी में वृद्धि

एसटीटी में यह बढ़ोतरी इक्विटी बाजार के एफएंडओ खंड में सट्टेबाजी को सीमित करने और छोटे निवेशकों को भारी नुकसान से बचाने के उद्देश्य से की गई है। इक्विटी डेरिवेटिव (एफएंडओ) खंड में कारोबार करने वाले व्यक्तिगत निवेशकों की संख्या 2024-25 में 1.06 करोड़ थी जो 2025-26 में (30 दिसंबर 2025 तक) घटकर लगभग 75.43 लाख रह गई। व्यक्तिगत

### निवेशकों को 1.05 लाख करोड़ का नुकसान

सेबी के अध्ययन 'इक्विटी डेरिवेटिव खंड में वृद्धि बनाम नकद बाजार' के अनुसार, 2024-25 में व्यक्तिगत निवेशकों को 1.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध नुकसान हुआ। विदेशी यात्रा पैकेज और उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत चिकित्सा व शिक्षा के लिए भेजी जाने वाली राशि पर टीसीएस (स्रोत पर एकत्रित कर) में कमी का उद्देश्य मध्यम वर्ग को राहत देना है।

## आयकर रिटर्न के सभी फॉर्म अधिसूचित




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) के सभी फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की आय के लिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आयकर विभाग ने मंगलवार को आईटीआर-2, 3, 5, 6 और 7 के साथ अद्यतन रिटर्न दाखिल करने के लिए आईटीआर-यू फॉर्म को भी अधिसूचित किया। इसके पहले आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म 30 मार्च को अधिसूचित किए गए थे। इन फॉर्म का इस्तेमाल छोटे और मध्यम करदाता करते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं और खातों का ऑडिट आवश्यक नहीं होने वाले करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। आईटीआर-1 (सहज) और आईटीआर-4 (सुगम) अपेक्षाकृत सरल फॉर्म हैं, जो बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम करदाताओं के लिए हैं। सहज फॉर्म को ऐसे निवासी व्यक्ति भर सकते हैं जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक मकान, अन्य स्रोत (ब्याज) एवं 5,000 रुपये तक की कृषि आय से होती है। वहीं, सुगम फॉर्म ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) और फर्म (एलएलपी को छोड़कर) के लिए है, जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से होती है।

■ आकलन वर्ष 2026-27 के लिए सभी फार्म अधिसूचित

## देश में प्रति उपयोगकर्ता मासिक मोबाइल डेटा की खपत 31 जीबी से अधिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक मोबाइल डेटा की खपत वर्ष 2025 में 31 जीबी के आंकड़े को पार कर गई है जबकि वर्ष 2024 में यह खपत 27.5 जीबी थी। एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया के वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक (एमबीइटी) के 13वें संस्करण में कहा गया है कि वर्ष 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 5जी नेटवर्क पर डेटा का कुल मासिक उपयोग एक साल पहले की तुलना में 70 प्रतिशत बढ़कर 12.9 एक्साबाइट (ईबी) तक पहुंच गया है। इसके साथ ही, देश के कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड ट्रैफिक में 5जी की हिस्सेदारी अब लगभग 47 प्रतिशत हो गई है। फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) प्रौद्योगिकी की मदद से घरों या कार्यालयों में केबल के बगैर उच्च गति का इंटरनेट मुहैया कराया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 5जी डेटा में एफडब्ल्यूए की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत को पार कर गई है और इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या में पिछले साल की तुलना में दोगुनी वृद्धि देखी गई है। नोकिया इंडिया की नामित कंट्री मैनेजर विभा मेहरा ने कहा, नेटवर्क उपयोग के नए तरीकों और स्मार्ट सेवाओं के अनुरूप बदलने के समय नोकिया दूरसंचार कंपनियों के साथ मिलकर एक ऐसा भविष्य-उन्मुख और उच्च प्रदर्शन वाला बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।



## सिग्नेचर ग्लोबल व आरएमजेड में संयुक्त उद्यम करार

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड और आरएमजेड समूह ने गुरुग्राम में एक व्यावसायिक परियोजना विकसित करने के लिए समान भागीदारी वाला संयुक्त उद्यम समझौता किया है। इसके तहत आरएमजेड समूह ने 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 1,293 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस वर्ष फरवरी में सिग्नेचर ग्लोबल ने आरएमजेड समूह के साथ मिलकर लगभग 7,500 करोड़ रुपये के कुल निवेश से 18 एकड़ में फैली एक व्यावसायिक परियोजना विकसित करने की घोषणा की थी। इस परियोजना में कुल 55 लाख वर्ग फुट पट्टे पर देने योग्य क्षेत्र होगा। इसमें से लगभग 35 लाख वर्ग फुट क्षेत्र प्रमुख कार्यालयों के लिए और शेष हिस्सा खुदरा दुकानों व दो होटल के लिए होगा।




## आरबीआई ने निर्यात ऋण अवधि 450 दिन तक बढ़ाई

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट के कारण जारी लॉजिस्टिक बाधाओं को देखते हुए निर्यात खेप भेजने के पहले और बाद के लिए आवंटित ऋण की विस्तारित अवधि को 450 दिन तक बढ़ाने की घोषणा की। यह सुविधा अब 30 जून, 2026 तक किए गए सभी ऋण वितरण पर लागू होगी। निर्यात खेप भेजने के पहले और बाद में दिया जाने वाला ऋण, निर्यातकों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता होता है। निर्यात-पूर्व ऋण का उपयोग निर्यात से पहले कच्चा माल खरीदने, उत्पादन और पैकेजिंग के लिए किया जाता है, जबकि निर्यात-पश्चात ऋण भेजे गए माल का भुगतान मिलने तक कार्यशील पूंजी जरूरतें पूरा करने में मदद करता है। आरबीआई ने एक अधिसूचना में कहा कि विभिन्न हितधारकों से मिले सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है। हितधारकों का कहना था कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण निर्यात आय को तय समयसीमा में हासिल करना मुश्किल हो रहा है।



**पब्लिकेशन नोटिस**
**ब अदालत ए. सी. प्रथम श्रेणी, झज्जर**
सुजीत पुत्र नफे सिंह पुत्र हरद्वारी निवासी गांव जौन्धी तह० व जिला झज्जर .... फरीक अव्वल
बनाम
1. पुजा पत्नी बलजीत पुत्र नफे सिंह, 2. किरण देवी पत्नी अमीत सिंह पुत्र नफे सिंह, 3. श्रीमती कृष्णा विधवा राजकुमार पुत्र छत्र सिंह, 4. प्रीती पुत्री राजकुमार पुत्र छत्र सिंह, 5. सुनीता पुत्री राजकुमार पुत्र छत्र सिंह, 6. दीपक पुत्र राजकुमार पुत्र छत्र सिंह, 7. अमीत डागर, 8. सुमीत डागर पुत्रान अजीत सिह पुत्र नफे सिहं सभी निवासीयान गांव जौन्धी तह० व जिला झज्जर .... फरीक दोयम
दरखास्त बावत अराजी जरई खेवट नं0 408 कुल रकबा तादादी 6 कनाल 4 मरले वाका मौजा जोन्धी तह० व जिला झज्जर
प्रार्थीगण / फरीक अव्वल ने उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में तकसीम का दायर किया हुआ है। जिसकी आगामी तारिख 17.04.2026 लगी हुई है। इसके सम्मन, रजिस्टर्ड ऐ० डी० कराने के बाद भी फरीक दोयम नं० 4 तथा 6 पेश नहीं हुए है। जिनको कि बजरिये पब्लिकेशन के नोटिस के आदेश अधोहस्ताक्षरी अदालत से हुए हैं। वजरिये पब्लिकेशन सूचित किया जाता है कि बकाया फरीक दोयम को तकसीम कराने मे कोई एतराज है तो तारीख पेशी दिनांक 17.04.2026 को सुबह 9 बजे अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए असालतन व बकालतन इस न्यायालय में हाजिर होवें। हाजिर ना होने के सुरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाकर केस का निर्णय कर दिया जावेगा।
स्थानः झज्जर — हस्ता/- सहायक कलैक्टर,
दिनांक : — प्रथम श्रेणी, झज्जर

## यूरोपीय देशों में मुद्रास्फीति बढ़कर 2.5 प्रतिशत पर पहुंची




**फ्रैंकफर्ट (एजेंसी)।** ईरान युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि होने से यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में मुद्रास्फीति दर मार्च में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 1.9 प्रतिशत थी। यूरोपीय संघ की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, ईरान युद्ध के बीच फारस की खाड़ी क्षेत्र से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने के बाद मुद्रास्फीति दर में यह उछाल आया है। यूरोपीय सांख्यिकी एजेंसी यूरोस्टैट के मुताबिक, मार्च में ऊर्जा संसाधनों की कीमतें 4.9 प्रतिशत बढ़ गईं जबकि फरवरी में इनमें 3.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। मार्च में खाद्य वस्तुओं की महंगाई अपेक्षाकृत कम 2.4 प्रतिशत रही जबकि स्वास्थ्य सेवा और सैलून जैसी सेवाओं की कीमतों में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल के हमले के बाद छिड़ी इस जंग से महंगाई में आई तेजी का असर आम लोगों पर भी दिखने लगा है।

## पश्चिम एशिया युद्ध के बाद से निवेशकों के डूबे 51 लाख करोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद से शेयर बाजार में निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 11 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक बाजारों पर युद्ध के व्यापक प्रभाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बाजार से पूंजी निकासी से भी झटका लगा है। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से संघर्ष शुरू होने के बाद से बीएसई सेंसेक्स 9,339.64 अंक यानी 11.48 प्रतिशत लुढ़क गया है। शेयर बाजार में आई इस भारी गिरावट के चलते, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 51,09,498.82 करोड़ रुपये घटकर 4,12,41,172.45 करोड़ रुपये (4,360 अरब डॉलर) पर रहा। बजाज ब्रोकिंग के एसोसिएट उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) पी मुखर्जी ने कहा, ''संघर्ष शुरू होने के बाद के चार सप्ताह में जोखिम से बचने की तेज प्रवृत्ति देखी गयी है। यह 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक बाजार में आई उथल-पुथल के बाद से सबसे तेज है। इस दौरान, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी ने बाजार में गिरावट के पीछे प्रमुख भूमिका निभाई है। इससे लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा।''



■ युद्ध के प्रभाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे

**खेल विभाग, हरियाणा।**
**कार्यालयः - जिला खेल अधिकारी, जीन्द ।**
Ph-01681-246281 Email:- dsojnd@gmail.com
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अर्जुन स्टेडियम जीन्द में स्थापित सात सीढ़ियों को खुली बोली द्वारा किराये पर दिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 08.04.2026 को प्रातः 11.00 बजें जिला खेल कार्यालय अर्जुन स्टेडियम जीन्द में 1,50,000/- सिक्योरिटी जमा करवाकर बोली दे सकता है। बाकी नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।
हस्ता/-
सचिव, जिला खेल परिषद एवं
जिला खेल अधिकारी, जीन्द।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।




## जेटवर्क का आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल

**नई दिल्ली।** जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेसेज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 4,000 करोड़ से 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष गोपनीय मार्ग से शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित निर्गम में नए शेयर और बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल होगी। कंपनी ने मंगलवार को जारी सार्वजनिक सूचना में कहा कि उसने प्रस्तावित आईपीओ के संबंध में आईपीओ दस्तावेज (डीआरएचपी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष और शेयर बाजारों के समक्ष दाखिल किए हैं। जेटवर्क ने गोपनीय मार्ग से दस्तावेज दाखिल किए हैं जिससे कंपनी दस्तवेजों का मसौदा सार्वजनिक किए बिना सेबी से शुरुआती प्रतिक्रिया प्राप्त कर सकती है।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सेबी ने एलीटकॉन, प्रवर्तक व अन्य को किया प्रतिबंधित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कथित हेरफेर गतिविधियों एवं भ्रामक खुलासों के आरोप में एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, उसके प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक विपिन शर्मा और चार अन्य को प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को जारी अंतरिम एकपक्षीय आदेश में शर्मा और चार अन्य इकाइयों से लगभग 51.26 करोड़ रुपये की कथित अवैध कमाई जब्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सेबी ने कहा कि वह इस मामले में विस्तृत जांच करेगा और 'फोरेंसिक' लेखा परीक्षक नियुक्त करेगा। यह कार्रवाई एलीटकॉन इंटरनेशनल के शेयर में कारोबार की जांच के बाद की गई। जांच में नियामक को प्रथम दृष्टया यह संकेत मिले कि कंपनी और उससे जुड़े लोगों ने परिचालन एवं वित्तीय स्थिति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी छिपाकर निवेशकों को गुमराह किया जबकि उसी दौरान ऊंची कीमतों पर शेयर बेचे जा रहे थे। सेबी ने आरोप लगाया कि कंपनी ने अपने वित्तीय एवं परिचालन स्थिति की भ्रामक तस्वीर पेश करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दबाई। आदेश में कहा गया कि सकारात्मक खुलासे किए गए लेकिन माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े मामलों सहित कुछ प्रतिकूल घटनाक्रमों की जानकारी निवेशकों को पर्याप्त रूप से नहीं दी गई। सेबी ने अपने 82 पृष्ठ के आदेश में कहा, '' कंपनी के वित्तीय हालात और कामकाज के संबंध में बाहरी दुनिया के सामने केवल सकारात्मक तस्वीर पेश की जा रही थी।''



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहित चावला, पुत्र नरेंद्र निवासी मकान नंबर 144, डीएलएफ फेज 3, नाथूपुरा, गुड़गांव, हरियाणा, दूसरा पता सेखपुर गढ़ू, हिमालयन कॉलोनी, नजीबाबाद, बिजनौर, उ.प्र. ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 169/2024, दिनांक 19.03.2024 भा.द.सं. की धारा 420 के तहत, थाना मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित चावला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित चावला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 169/2024, दिनांक 19.03.2024 भा.द.सं. की धारा 420 के तहत, थाना मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहित चावला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 01.07.2026 को या उससे पूर्व हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री अंशुल सिंघल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04, (पश्चिम)
DP/4114/WD/2026 — कमरा नं. 268, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

### शब्द पहेली - 6182



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले-3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम-4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 6181 का हल**





भाजपा ने केरल और असम के लिए घोषणापत्र किया जारी

# जरूरतमंद महिलाओं को 2500 रुपये मासिक मिलेंगे और साल भर में 2 सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे, एम्स और हाई स्पीड रेल नेटवर्क भी बनाएंगे

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

भाजपा ने केरल चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इसमें जरूरतमंद महिलाओं को दवा और किराने के सामान के लिए 2,500 रुपए के मासिक रिचार्ज वाला भक्ष्य आरोग्य सुरक्षा कार्ड देने का वादा किया गया है। भाजपा का घोषणा पत्र पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया जारी। इसमें केरल में एम्स स्थापित करने की बात भी कही गई है। इसके अलावा तिरुवनंतपुरम को कन्नूर से जोड़ने के लिए हाई स्पीड रेल नेटवर्क की भी बात है। केरल के लिए भाजपा के घोषणापत्र में कहा गया है कि गरीब परिवारों को साल में 2 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे। इनमें से एक सिलेंडर ओणम के दौरान मिलेगा और एक क्रिसमस के दौरान। इसके अलावा केरल में शबरीमला, गुरुवायुर जैसे उपासना स्थलों के संरक्षण के लिए देवस्वोम बोर्ड के पुनर्गठन का वादा भी किया गया है।

## भाजपा ने केरल चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है भाजपा का घोषणा पत्र पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने किया जारी



घोषणा पत्र जारी करते भाजपा के अध्यक्ष नितिन नबीन

### कांग्रेस-माकपा मैच फिक्सर

नबीन ने माकपा और कांग्रेस पर मैच फिक्सर होने और केरल की जनता के साथ खेल खेलने का आरोप लगाया। नबीन ने लोगों से भाजपा को वोट देने का भी आग्रह किया। भाजपा नेता ने यहां अटिंगल में अपने रोड शो के दौरान और बाद में एक बड़ा आरोप लगाया। नबीन ने दावा किया कि वे मैच फिक्सर हैं। वे पिछले कई सालों से केरल की जनता के साथ खेल, खेल रहे हैं। जनता अब बदलाव चाहती है। उन्हें भ्रष्टाचार मुक्त और विकासोन्मुखी सरकार चाहिए और केवल भाजपा ही ऐसा कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि राजग केरल में सरकार बनाएगा।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने असम का घोषणपत्र जारी किया

### प्रवासियों से वापस लेंगे कब्जाई जमीन, 3 माह में लागू करेंगे यूसीसी

**गुवाहाटी।** भाजपा ने असम में चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को ये घोषणापत्र जारी किया, जिसमें मूल निवासियों की जमीन, विरासत और सम्मान की सुरक्षा और बुनियादी ढांचा के लिए 5लाख करोड़ रुपए के निवेश का वादा किया गया है। भाजपा के 'संकल्प पत्र' में 31 वादे किए गए हैं, जिनमें बांग्लादेशी प्रवासियों से अतिक्रमित जमीन वापस लेने, यूसीसी लागू करने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के वादे किए गए हैं।

### केजी-पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा किया

चुनावी घोषणा पत्र में युवाओं के लिए 2 लाख सरकारी नौकरियां देने और 8वें वेतन आयोग को लागू करने का संकल्प लिया गया है। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण की दिशा में 'ओरुनोदोई' योजना के तहत दी जाने वाली वित्तीय सहायता को बढ़ाकर 3,000 रुपएप्रति माह करने का वादा किया गया है। एक्सप्रेसवे और 'वंदे भारत' ट्रेन परियोजनाएं शामिल हैं। संकल्प पत्र में गरीब परिवारों के बच्चों के लिए केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा भी किया गया है।



### 'लव और लैंड जिहाद' के खिलाफ लाएंगे नया कानून घुसपैठिए होंगे बाहर: सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि एक बार फिर सत्ता में आने पर भाजपा राज्य में 3महीने के भीतर यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करेगी। घोषणापत्र में कहा गया है कि राज्य के आदिवासियों और अन्य जातीय समुदायों के अधिकारों को प्रभावित किए बिना लागू किया जाएगा। हम 'लव और लैंड जिहाद' के खिलाफ भी सख्त कानून लाएंगे और राज्य के जिला आयुक्तों को 'अवैध प्रवासी निष्कासन अधिनियम, 1950' लागू करने का अधिकार देंगे, जिसके तहत उन्हें 24 घंटे के भीतर विदेशियों को निष्कासित करने का अधिकार होगा। भाजपा हमारे जंगलों और अन्य जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेगी। हम बांग्लादेशी घुसपैठियों को बेदखल करेंगे और उनके चंगुल से जमीन का एक-एक इंच वापस लेंगे।

**सरमा का गोगोई को चैलेंज**

### पाकिस्तान और लंदन में कितनी संपत्ति है बताएं? हलफनामे में भी छिपाया

भाजपा नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनसे पाकिस्तान और लंदन में कथित संपत्तियों का खुलासा करने की मांग की है। घोषणा पत्र लॉन्चिंग के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए हिमंत ने आरोप लगाया कि गोगोई के पास पाकिस्तान और लंदन में संपत्ति है लेकिन उन्होंने इसका विवरण चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे में नहीं दिया है।



**केरल में राहुल बोले**

### सीपीएम अब वामपंथी नहीं, अडाणी का नाम लेकर भाजपा पर खूब बरसे

**कन्नूर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। राहुल केरल के कन्नूर में रैली संबोधित कर कहा कि यह लड़ाई सीपीएम की विचारधारा, यूडीएफ की विचारधारा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा की बीच है। हम देख रहे हैं कि भाजपा और वाम मोर्चा के बीच गठबंधन हो रहा है। किसी वामपंथी दल का किसी अति दक्षिणपंथी दल के साथ गठबंधन करना काफी आश्चर्यजनक होता। उन्होंने कहा कि जब हिंदू धर्म के तथाकथित रक्षक (प्रधानमंत्री) केरल आते हैं, तो सबरीमाला के बारे में कुछ नहीं कहते।



**केरल सीएम विजयन ने किया पलटवार**

### राहुल गांधी बताएं सोना चोर आपके घर तक कैसे पहुंचा?

केरल की सियासत में सबरीमाला स्वर्ण हानि मामला एक बार फिर गरमा गया है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा पलटवार करते हुए सवाल उठाया कि इस मामले का मुख्य आरोपी उनके घर तक कैसे पहुंचा। विजयन ने कहा कि सबरीमाला स्वर्ण हानि मामले में सवाल उठाने से पहले उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए मुख्य आरोपी उनके परिवार के आवास तक कैसे पहुंचा।



### बंगाल में फर्जी वोटरों से लोकतंत्र पर खतरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले एक बार फिर सीएम ममता बेनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की कोशिश की जा रही है।



**बंगाल में भाजपा-टीएमसी में झड़प**

### फॉर्म 6 जमा करने को लेकर दोनों पक्ष आए आमने-सामने

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी ने कल रात आरोप लगाया कि भाजपा अवैध तारीखें से फॉर्म 6 जमा कर रहे हैं। भाजपा ने चुनाव आयोग पर नजर रखने के लिए निर्देश भी दिया है। टीएमसी समर्थित बीएलओ ने आरोप लगाया एक आदमी मेदिनीपुर से फॉर्म 6 लेकर आए थे। उन्हें पकड़ा गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि वो कोई पार्टी का समर्थक नहीं था। इसके बाद दोनों पक्ष चुनाव आयोग के दफ्तर के सामने धरने पर बैठ गए।

**खबर संक्षेप**

### 'मेड इन पाकिस्तान' बेचने पर 3 गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में 'मेड इन पाकिस्तान' ब्यूटी प्रोडक्ट की बिक्री को लेकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर में इस अवैध गतिविधि पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने 3दुकानों पर छापेमारी करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी को जानकारी मिली थी कि पाकिस्तानी ब्यूटी प्रोडक्ट बेचे जा रहे हैं।



### आईपीएल से जुड़े ब्रिटिश इंजीनियर की मौत

**मुंबई।** यहां आईपीएल 2026 के दौरान एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक 76 वर्षीय ब्रिटिश ब्रॉडकास्ट इंजीनियर, जो लीग के प्रसारण कार्य से जुड़े हुए थे, होटल के कमरे में मृत पाए गए। मृतक की पहचान जान विलियम लैंगफोर्ड के रूप में हुई है, जो बीसीसीआई के साथ काम कर रहे थे।सोमवार सुबह कमरे में बेहोश पड़े थे।



### भाजपा में शामिल हुए टेनिस खिलाड़ी लिएंडर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल चुनाव में टीएमसी को अलविदा कहते हुए दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस भाजपा में शामिल हो गए । अक्टूबर 2021 को गोवा में ममता बेनर्जी की उपस्थिति में टीएमसी की सदस्यता लेने वाले लिएंडर पेस ने हाल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से कोलकाता में मुलाकात की थी। इसके बाद से ही उनके भाजपा में जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं।



### धुएं के अलर्ट के बाद लखनऊ में आपात लैंडिग

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के बागडोगरा (सिलीगुड़ी) से दिल्ली जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को कॉकपिट के इलेक्ट्रिक पैनल से धुआं निकलने के कारण सोमवार शाम को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा। हवाई अड्डे के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक विमान को कॉकपिट के इलेक्ट्रिक पैनल (एवियोनिक्स बे) में धुआं देखे जाने के बाद आपात स्थिति में लखनऊ की ओर मोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि पायलट ने संकट का संकेत करते हुए 'मे डे' कॉल जारी किया था।

## दर्शन करने की जल्दी में मची धक्का-मुक्की, पैसे लेकर एंट्री पर श्रद्धालु भड़के

8 महिलाओं ने मौके पर दम तोड़ा, एक पुरुष की जान गई

# बिहार के शीतला माता मंदिर में मची भगदड़, नौ की मौत

### भगदड़ में लाशें बिछीं, लोग इनको कुचलते हुए गुजर गए

एजेंसी ▶▶| बिहारशरीफ

बिहार के नालंदा जिले में दीपनगर थानाक्षेत्र के मघड़ा गांव में प्राचीन शीतला माता मंदिर में मंगलवार को भगदड़ मचने से कम से कम नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मृतकों में अधिकतर महिलाएं थीं, इनमें एक पुरुष ने अस्पताल में दमतोड़ दिया। इसमें कई श्रद्धालु भी घायल हुए हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल नजर आया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। भगदड़ के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। बिहारशरीफ के सहायक पुलिस अधीक्षक नूरुल हक ने कहा, ₹मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ के दौरान कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गयी, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। इस घटना में कई श्रद्धालु घायल भी हुए हैं। पुलिस बल और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत एवं बचाव कार्य जारी है। मृतकों की पहचान की जा रही है।



### पीएम ने जताया शोक

- लापरवाही बरतने के आरोप में थानाध्यक्ष को निलंबित किया
- मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही पुलिस
- प्रधानमंत्री मोदी ने घटना में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की
- मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार देने की घोषणा

आसपास के इलाकों में मची अफरातफरी

### सूरत में बिल्डिंग में लगी आग परिवार के 5 लोगों की मौत



- मृतकों में चार महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल
- फोम शीट में साड़ियों की कर रहा था पैकिंग परिवार

**सूरत(एजेंसी)।** गुजरात के सूरत जिले के लिंबायत इलाके में मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ। रिहायशी घर में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद घर में लगी आग को बुझाया। जांच के दौरान फायर ब्रिगेड टीम को पांच लोगों की लाशें मिलीं। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के घटनास्थल पर पहुंचे एडिशनल सीपी बलराम मीणा ने बताया मंगलवार आज सुबह लिंबायत पुलिस स्टेशन में एक घर में आग लगने की दुर्घटना के बारे में सूचना मिली। प्रभावित परिवार साड़ियों की पैकिंग का काम करता था। इनके पास काफी मात्रा में इसी से जुड़ी सामग्री थी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी।

**पीएम ने सानंद में प्लांट का किया उद्घाटन**

## भारत सेमीकंडक्टर हब बनाने में अहम भूमिका निभाएगा




भाषा ▶▶| साणंद (गुजरात)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 21वीं सदी अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आई है और संघर्षों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकार आने वाले दशकों के लिए प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सुरक्षा की एक मज़बूत नींव रख रही है। मोदी ने साणंद में केन्स सेमीकॉन के 'आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर' संयंत्र का उद्घाटन किया, और इसके साथ ही वहां उत्पादन शुरू हो गया।

उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक बाज़ार में एक भरोसेमंद विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी भूमिका को मज़बूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरह से आज साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु बन गया है। मोदी ने इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र का निर्माण कर रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है।

**विपक्ष पर निशाना**

### कांग्रेस राजनीतिक गिद्ध की तरह घात लगाए है

**थराद।** मोदी ने कहा कि जहां दुनिया युद्ध, अशांति और ईंधन की बढ़ती कीमतों का सामना कर रही है वहीं भारत ने अपनी मजबूत विदेश नीति और अपने लोगों की एकजुटता के कारण इस स्थिति का मुकाबला प्रभावी ढंग से किया है। उन्होंने मुख्य विपक्षी पार्टी की तुलना 'राजनीतिक गिद्धों' से करते हुए कहा कि वह स्थिति का राजनीतिक फायदा उठाने की फिराक में है। मोदी ने गुजरात के वाव थराद जिले के नानी गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथ लिया।

आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

## मायके से मिली संपत्ति पर पति का कोई हक नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी हिंदू महिला को अपने माता-पिता से विरासत में संपत्ति मिली है और वह बिना वसीयत किए मर जाती है तो वह संपत्ति उसके पिता के वारिसों को मिलेगी। ऐसी संपत्ति पर उसके पति या ससुराल का कानूनी अधिकार नहीं होगा। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 15 (2) (ए) का उल्लेख करते हुए न्यायमूर्ति तरलादा राजशेखर राव ने कहा, "हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(2)(a) को सीधे तौर पर पढ़ने से यह स्पष्ट होता है कि यदि किसी हिंदू महिला को अपने पिता या माता से कोई संपत्ति विरासत में मिलती है और उस महिला की कोई संतान नहीं है तो उस मृत महिला की संपत्ति उसके पिता के कानूनी वारिसों को मिलेगी।

- नि:संतान मृत्यु होने पर पिता के वारिसों को ही मिलेगी

**यह है मामला?**

यह टिप्पणी एक ऐसे मामले में की गई थी, जिसमें मूल रूप से एक महिला की संपत्ति का एक हिस्सा वर्ष 2002 में उसकी पहली पोती को उपहार में दे दिया गया था। इसके बाद राजस्व अभिलेखों में उस पोती का नाम दर्ज कर लिया गया और उसे एक 'पट्टादार पासबुक' जारी कर दी गई। हालांकि, जब वर्ष 2005 में पहली पोती की मृत्यु बिना किसी संतान के हो गई तो उसकी दादी ने एक 'रद्दीकरण विलेख' निष्पादित करके उस पूर्व उपहार को रद्द कर दिया। इसके बाद, उन्होंने एक पंजीकृत वसीयत निष्पादित की जिसके द्वारा उन्होंने वही संपत्ति अपनी दूसरी पोती (जो इस मामले में याचिकाकर्ता है) के नाम कर दी। जब याचिकाकर्ता की दादी का 2012 में निधन हो गया तो उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाने (म्यूटेशन) का अनुरोध किया। इस पर राजस्व मंडल अधिकारी (प्रतिवादी 3) ने 10.10.2017 के एक आदेश के माध्यम से मृत पोती के नाम पर दर्ज पिछली प्रविष्टियों को रद्द कर दिया और आवश्यक बदलाव करने का निर्देश दिया।

## राहुल व कई कांग्रेसियों का नक्सलियों से संबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में नक्सलवाद के मुद्दे पर सियासत गरमा गई है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस और उसके वरिष्ठ नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कुछ नेताओं के वामपंथी उग्रवादियों और माओवादियों से संबंध रहे हैं। उनके इस बयान से राजनीतिक माहौल गरमा गया है और आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। रिजिजू ने कहा कि राहुल वामपंथी उग्रवादियों को जानते हैं और कांग्रेस के कुछ नेताओं ने ऐसे समूहों से संपर्क भी बनाए रखा था। उन्होंने यह भी कहा कि यह विडंबना है कि एक तरफ कांग्रेस सार्वजनिक रूप से उग्रवाद के खिलाफ बात करती है, वहीं दूसरी तरफ उसके कुछ नेताओं पर ऐसे आरोप लग रहे हैं।



- नक्सलवाद पर बोले रिजिजू

कंपनियां लागू करेंगी न्यू लेबर कोड

### बढ़ेगा पीएफ, इन हैंड सैलरी घटेगी

***नई दिल्ली।*** *नौकरीपेशा के लिए बुधवार 1 अप्रैल 2026 से बहुत कुछ बदलने वाला है। देश की तमाम बड़ी कंपनियां अप्रैल से नए श्रम कानून लागू करने जा रही हैं। इससे कर्मचारियों के सैलरी स्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। जहां उनका पीएफ कंट्रीब्यूशन बढ़ जाएगा, तो टेक होम सैलरी कम हो सकती है। इसके अलावा भी कई नियम बदलने वाले हैं। इनमें काम के घंटों से लेकर ग्रेच्युटी तक शामिल हैं।*




**सीएम सुक्खू का यू-टर्न**

### एंट्री टैक्स में इजाफे का फैसला पलटा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एंट्री टैक्स में भारी इजाफा करने के फैसले से मचे बवाल के बाद आख़िरकार कांग्रेस सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा है। मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। अब हिमाचल की सीमाओं पर प्रवेश के लिए पुराना शुल्क ही लागू होगा। सुक्खू ने स्पष्ट किया कि बढ़ी हुई दरों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। अब प्रदेश में प्रवेश करने वाले वाहनों को उसी दर पर टैक्स देना होगा जो पहले प्रभावी थी।



### कैग रिपोर्ट में किया दावा, सेना से जुड़े काम के रिकॉर्ड डिजिटल करने की सिफारिश

## कई जवानों को समय पर नहीं मिले वेतन व भत्ते, मिलिट्री अस्पतालों में कमियां मिलीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की डिफेंस को लेकर एक रिपोर्ट संसद में पेश की गई। इसमें बताया गया है कि कई सेना के जवानों को उनके वेतन और भत्तों का भुगतान समय पर नहीं किया गया। प्रोविजनल फाइनल सेटलमेंट ऑफ अकाउंट्स की समीक्षा समय पर नहीं होने के कारण कई कर्मचारियों को रिटायरमेंट के समय बड़ी राशि की वसूली करने में मुश्किलें आईं।




**समस्याओं का समाधान की कोशिशें**

- ♦रिपोर्ट में सात कमांड्स में से वेस्टर्न कमांड में सबसे अधिक नियमों का उल्लंघन पाया गया
- ♦रक्षा मंत्रालय ने सुधार के कदम उठाने की कोशिश की, कई समस्याएं अब भी बनी हैं
- ♦ऑडिट का सुझाव: सभी मिलिट्री अस्पतालों के लिए अधिक व्यवस्थाएं व निगरानी जरूरी

### आईटी सिस्टम में खामियां

इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आईटी सिस्टम में आवश्यक नियमों का समावेश नहीं करने के कारण जवानों को उनका उचित भुगतान नहीं मिल सका। इसलिए, प्रिविलेज टिकट ऑर्डर (पीटीओ) जारी करने में देरी हुई। ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) में डेटा की कमी के कारण कई आवेदन अस्वीकृत हो गए।

### दवाओं की कमी और फंड का दुरुपयोग

आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल स्टोर्स डिपो द्वारा आवश्यक दवाओं की आपूर्ति में कमी भी पाई गई। कॉमन ड्रग लिस्ट की दवाएं भी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं थीं। दो डिपो में दवाओं का समय पर नवीनीकरण नहीं हुआ, जिससे लगभग 13.52 करोड़ रुपये की दवाएं फंस गईं। रिपोर्ट में कई गंभीर अनियमितताओं की ओर इशारा किया गया है, जैसे कि कई अस्पतालों में बिना लाइसेंस के एक्स-रे मशीनों का संचालन।

## चिंतन

# जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा होगी और बेहतर

देश के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। दशकों तक 'लाल आतंक' के नाम से पहचाने जाने वाला नक्सलवाद अब खत्म हो चुका है। नक्सवादियों के सभी बड़े नेता या तो मारे जा चुके हैं, या उन्होंने इस विचारधारा को छोड़कर सरेंडर कर दिया है। अब जल, जंगल और जमीन की और बेहतर सुरक्षा हो सकेगी। नक्सलवाद का खात्मा सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। अब ऐसे क्षेत्रों में विकास के नए द्वार खुलेंगे, जहां लाल आतंक से लोग त्रस्त थे। इन क्षेत्रों में अब शिक्षा का स्तर सुधरेगा, बच्चों की खेलों में गतिविधियां बढ़ेंगी और सामाजिक तथा आधारभूत ढांचे का विकास होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, 31 मार्च 2026 की निर्धारित समयसीमा से पहले ही भारत से नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है। यदि यह दावा जमीनी हकीकत से मेल खाता है, तो यह केवल सुरक्षा की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिहाज से भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद की शुरुआत 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुई थी। यह आंदोलन मूलतः जल, जंगल और जमीन पर अधिकार की मांग से जुड़ा था, जिसमें आदिवासी और वंचित वर्गों की आवाज शामिल थी। समय के साथ यह आंदोलन हिंसक रूप लेता गया और देश के कई हिस्सों में सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गया। रेड कॉरिडोर के नाम से पहचाने जाने वाले क्षेत्रों में वर्षों तक विकास की रफ्तार थमी रही और आम जनजीवन भय के साए में रहा। हाल के वर्षों में सरकार द्वारा अपनाई गई बहुआयामी रणनीति ने इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई है। होल ऑफ गवर्नमेंट दृष्टिकोण के तहत सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों मोर्चों पर एक साथ काम किया गया। सुरक्षा बलों के आक्रामक अभियानों के साथ-साथ सड़क, संचार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, बिहार के साथ आंध्र प्रदेश (सीमावर्ती इलाके), केरल, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो इस बदलाव का संकेत है। हालांकि, इस उपलब्धि को अंतिम समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। इतिहास बताता है कि किसी भी विचारधारा को केवल सैन्य कार्रवाई से पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता, जब तक उसके मूल कारणों को संबोधित न किया जाए। यहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि क्या जल, जंगल और जमीन से जुड़े मुद्दों का स्थायी समाधान हो पाया है? क्या आदिवासी समुदायों को उनके अधिकार पूरी तरह मिल रहे हैं? क्या विकास की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई है? यदि इन सवालों के जवाब संतोषजनक नहीं हैं, तो नक्सलवाद भले ही समाप्त हो जाए, लेकिन असंतोष की नई जमीन तैयार हो सकती है। सरकार के सामने अब असली चुनौती "पोस्ट-नक्सल" दौर को संभालने की है। जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां अब स्कूलों की घंटियां, खेल के मैदानों की चहल-पहल और रोजगार के अवसरों की उम्मीद सुनाई देनी चाहिए। स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतना सबसे बड़ी कुंजी है। यदि उन्हें लगे कि उनकी आवाज सुनी जा रही है और उनके संसाधनों पर उनका अधिकार सुरक्षित है, तभी यह बदलाव स्थायी हो सकेगा। नक्सलवाद के खत्म होने को एक नए भारत की शुरुआत के रूप में देखना चाहिए। जहां सुरक्षा के साथ-साथ न्याय और समानता भी सुनिश्चित हो।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# महंगाई के बेकाबू होने के आसार

भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।

ईरान के अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे संघर्ष के बावजूद सरकार ने 25 मार्च को तय किया कि महंगाई की सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम रहेगी। हालांकि, मौजूदा परिदृश्य में इस लक्ष्य को हासिल करना सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं होगा। बहरहाल, यह अधिसूचना, अर्थात लचीला मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण (एफआईटी) ढांचा, 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक प्रभावी रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस ढांचे को 1 अक्टूबर 2016 में लागू किया गया था। इस ढांचे की हर 5 वर्षों में समीक्षा की जाती है।

पिछली बार इसे मार्च 2021 से मार्च 2026 तक के लिए लागू किया गया था। भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। साथ ही, इस व्यवस्था के अंतर्गत मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की स्थापना की गई थी, जिसमें रिजर्व बैंक के तीन अधिकारी और तीन बाहरी सदस्य होते हैं और मौद्रिक नीति की ब्याज दर को मतदान के बहुमत से तय करते हैं। तत्पश्चात, रिजर्व बैंक मौद्रिक समीक्षा के फैसले की घोषणा करता है। महंगाई का स्तर मांग और आपूर्ति के संतुलन पर निर्भर करता है। जब लोगों के पास अधिक पैसा होता है तो वे अधिक वस्तुएं खरीदते हैं, जिससे मांग बढ़ती है। यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है तो कीमतें बढ़ेंगी। इसके विपरीत, जब मांग कम होती है और आपूर्ति अधिक होती है तो महंगाई घट जाती है। वर्तमान में युद्ध के कारण, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें तेज़ी से बढ़ रही हैं, जिसके कारण भारत में भी पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। इनकी कीमतों में और वृद्धि हो सकती है क्योंकि भारत अपने आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा रूस, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका, यूएई, कतर, रूस, ऑस्ट्रेलिया आदि से आयात करता है और वर्तमान में इन देशों से भारत में आपूर्ति सामान्य नहीं है। सरकार और रिजर्व बैंक ने महंगाई की निर्धारित सीमा को बनाए रखने का निर्णय लिया है। यह मानते हुए कि आधार वर्ष में बदलाव से इस सीमा पर कोई दबाव नहीं पड़ेगा और यह निर्धारित स्तर पर कायम रहेगी। 12 फरवरी से सरकार ने महंगाई का मापन आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस नए आधार वर्ष में कई पुरानी वस्तुओं को उनकी अप्रासंगिकता के कारण हटा दिया गया है, और नई वस्तुओं को जोड़ा गया है। साथ ही, खाद्य वस्तुओं का भार घटाया गया है और कुछ गैर-खाद्य वस्तुओं का भार जोड़ दिया गया है, जिनका आमतौर पर महंगाई पर प्रभाव पड़ता है। अभी सामान्यतः महंगाई में वृद्धि का कारण खाद्य कीमतों का बढ़ना माना जाता है, लेकिन नए आधार में खाद्य पदार्थों का भार महंगाई के मामले में कम कर दिया गया है। इसलिए, यह माना जा रहा है कि लंबे समय तक युद्ध के चलते महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम के स्तर पर अक्षुण्ण बनी रहेगी। मुद्रास्फीति को मापने के लिए ऐसी वस्तुएं और सेवाएं चुनी जाती हैं, जो इसकी वृद्धि में सबसे अधिक योगदान देती हैं। इन वस्तुओं को




उनके महत्व के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में वज़न दिया जाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर माह खुदरा महंगाई का आकलन सीपीआई सूचकांक से करता है, जिसमें वे वस्तुएं और सेवाएं शामिल हैं, जिनका रोज़मर्रा के जीवन में अधिक उपयोग होता है, जैसे कि खाद्य, वस्त्र, आवास, ईंधन और स्वास्थ्य सेवाएं।

नए आधार वर्ष के अंतर्गत ऐसी वस्तुएं और सेवाएं भी जोड़ी गई हैं, जिन पर अब लोग अधिक खर्च कर रहे हैं, जैसे कि स्मार्टफ़ोन, इंटरनेट, ईयरफोन, फिटनेस बैंड जैसे उपकरण हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि पहले इनका उपयोग सीमित था। साथ ही, अब नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसी ओटीटी सेवाएं, ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म, हवाई टिकट, ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं, शॉपिंग की कीमतें, और ग्रामीण इलाकों में मकान के किराए को भी सूचकांक में शामिल किया गया है। अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने के बाद भारत में नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर वृद्धि की है। वहीं, होटल-रेस्टोरेंट ग्राहक से सरकारी टैक्स के साथ एलपीजी चार्ज भी वसूल कर रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस पर रोक लगाई है, लेकिन जमीनी स्तर पर इस रोक का कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपये की कटौती की है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपये कर दी गई है, जबकि डीजल पर 10 रुपये से शून्य कर दी गई है, ताकि पेट्रोल और डीजल की कीमतें न बढ़ें।

अमेरिका और इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपये प्रति लीटर तक घाटा हो रहा है, जिसे तेल कम्पनियां जल्द ही आमजन पर डाल देंगी। आमतौर पर जब तेल की कीमत बढ़ती है तो परिवहन की लागत बढ़ती है, साथ ही वस्तुओं की कीमत में भी इजाफा होता है। हालांकि, जानकारों के अनुसार सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में कटौती केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में आगामी चुनावों के मद्देनजर ली गई है और चुनाव के खत्म होने के तुरंत बाद सरकार एक्साइज ड्यूटी में कटौती को वापस ले सकती है। ईरान, इज़राइल और अमेरिका के मौजूदा रुख से ऐसा लगता है कि हाल फिलहाल में यह जंग रुकने वाली नहीं है और लंबे समय तक इस युद्ध के जारी रहने पर कच्चे तेल के साथ-साथ कई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला भी बाधित हो सकती है। उल्लेखनीय है कि भारत दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाली कई वस्तुओं का आयात दूसरे देशों से करता है, इसलिए नए आधार वर्ष में महंगाई की गणना करने वाली वस्तुओं में बदलाव करने के बाद भी महंगाई में अभूतपूर्व इजाफा होने की संभावना है। एक अनुमान के अनुसार भारत में 2026 तक महंगाई दर बढ़कर 4.6% तक पहुँच सकता है, जो पहले 3.9% के आसपास रहने की उम्मीद थी।

यह भारतीय रिजर्व बैंक की स्वीकार्य सीमा के अंदर है, लेकिन रुपया के लगातार कमज़ोर होने से महंगाई पर दबाव और भी बढ़ सकता है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नई दिशा
ममता कुशवाहा



# डिजिटल युग में जनगणना बदलाव की बुनियाद


भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को समझने का एक सशक्त माध्यम है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना, जो विभिन्न कारणों से विलंबित रही, अब एक नए स्वरूप में आरंभ होने जा रही है। यह जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक है, न केवल इसलिए कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, बल्कि इसलिए भी कि इसमें पहली बार जातीय आंकड़ों को व्यवस्थित रूप से संकलित किया जाएगा। यह पहल भारत के प्रशासनिक ढांचे, नीति-निर्माण और सामाजिक समझ को एक नई दिशा देने की क्षमता रखती है। डिजिटल जनगणना का सबसे बड़ा लाभ इसकी गति और सटीकता में निहित है। पारंपरिक कागज-आधारित प्रणाली में जहां आंकड़ों के संग्रह, संकलन और विश्लेषण में वर्षों लग जाते थे, वहीं डिजिटल माध्यम इस पूरी प्रक्रिया को कहीं अधिक त्वरित और त्रुटिहीन बना सकता है। मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपकरणों के माध्यम से डेटा सीधे केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा, जिससे मानवीय भूलों की संभावना न्यूनतम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह प्रणाली पारदर्शिता को भी बढ़ाएगी और डेटा के सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करेगी। इस जनगणना की एक विशेषता यह भी है कि नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

यह न केवल नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रशासनिक बोझ को भी कम करेगा। हालांकि, इसके साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। लोगों को अपनी जानकारी पूरी ईमानदारी और सावधानी से भरनी होगी, क्योंकि यह डेटा न केवल वर्तमान नीतियों के निर्माण में सहायक होगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी बनेगा। जनगणना आयुक्त द्वारा दी गई गोपनीयता की गारंटी इस प्रक्रिया में विश्वास को मजबूत करती है, जिससे लोग बिना किसी भय के अपनी जानकारी साझा कर सकेंगे। जनगणना को दो चरणों में पूरा करने का निर्णय भी एक महत्वपूर्ण बदलाव है। पहले चरण में घरों की सूचीकरण और आवास से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पहलुओं का विवरण लिया जाएगा। यह विभाजन न केवल प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाएगा, बल्कि डेटा के विश्लेषण को भी अधिक सटीक और उपयोगी बनाएगा। इससे सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में लक्षित योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास। इस जनगणना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू जातीय आंकड़ों का संकलन है। स्वतंत्र भारत में यह पहली बार होगा, जब जातियों का विस्तृत विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की सामाजिक संरचना की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी, जो अब तक केवल अनुमान और अधूरी जानकारी पर आधारित रही है। वर्ष 1931 के बाद से जातिगत जनगणना नहीं हुई है, इसलिए वर्तमान में विभिन्न जातीय समूहों के संख्याबल और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में स्पष्ट और प्रमाणिक आंकड़ों का अभाव है। ऐसे में यह जनगणना कई मिथकों और धारणाओं को तोड़ने का कार्य कर सकती है। हालांकि, जातीय जनगणना के साथ कुछ चिंताएं भी जुड़ी हुई हैं। सबसे बड़ी आशंका यह है कि इन आंकड़ों का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए किया जा सकता है।

भारत में पहले से ही जाति आधारित राजनीति का प्रभाव देखा गया है और यदि इन आंकड़ों का दुरुपयोग हुआ तो यह सामाजिक विभाजन को और गहरा कर सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार इन आंकड़ों की व्याख्या कर सकते हैं, जिससे समाज में वैमनस्य और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि सरकार इस दिशा में ठोस नीतिगत उपाय करे, ताकि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग केवल विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही किया जाए। जनगणना का मूल उद्देश्य देश की जनसंख्या की संरचना, उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझना है, ताकि प्रभावी नीतियां बनाई जा सकें। यह किसी भी प्रकार के संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति का साधन नहीं होना चाहिए। यदि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग सही दिशा में किया जाए, तो यह देश के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिशा में सरकार, प्रशासन और नागरिकों, तीनों की जिम्मेदारी है कि वे इस प्रक्रिया को सफल बनाएं और इसके उद्देश्यों को सही दिशा में ले जाएं। यदि ऐसा होता है तो यह जनगणना न केवल वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य के भारत के निर्माण में भी एक मजबूत आधारशिला साबित होगी।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भावनाओं को साधता है योग-ध्यान



संकलित
दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूंगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की अहमियत

भारत और अमरीका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (2026) ऐसे समय में उभरकर सामने आया है, जब भारत एक ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी को विस्तार देने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर अपनी कृषि-आधारित सामाजिक-आर्थिक संरचना की रक्षा करने की अनिवार्य चुनौती का सामना कर रहा है। फरवरी 2026 में घोषित अंतरिम रूपरेखा ने जहां भारतीय निर्यातकों के लिए अमरीकी बाजार में नए अवसरों के द्वार खोले हैं, वहीं सस्ते अमरीकी कृषि उत्पादों के संभावित आयात ने देश के करोड़ों किसानों के बीच चिंता और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। भारत को ऐसा समझौता करना चाहिए जिससे व्यापार संतुलन ठीक हो जाए। *- चंद्रशेखर शर्मा, कुरुक्षेत्र*

## ट्रेंड

### सेमीकंडक्टर उद्योग



भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग विभिन्न राज्यों में फल-फूल रहा है, जिससे अनगिनत युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इन प्रयासों को और अधिक व्यापक बनाने के लिए हम सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 पर काम कर रहे हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### केरल की नर्सें



लाखों लोगों के लिए, केरल की नर्सें जीवन के सबसे कठिन क्षणों में सहारा और शक्ति का स्रोत हैं। उन्हीं की बदौलत मैं केरल में शांति से चुनाव प्रचार कर पा रहा हूं, यह जानकर कि दिल्ली में मेरी मां की देखभाल उन्हीं की देखरेख में हो रही है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### समान नागरिक संहिता



सत्ता में वापसी के तीन महीने के भीतर हम असम में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। हमारी बहुआयामी रणनीति में लव जिहाद, लैंड जिहाद, अतिक्रमण और घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी शामिल होगी।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### सीबीआई जांच की मांग



एसीबी अब तक झारखंड शराब घोटाले के किसी भी आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल करने में विफल रही है, जिसके परिणामस्वरूप सभी आरोपियों को डिफॉल्ट बेल मिल गई। इसी विषय को लेकर आज राज्यपाल से मिलकर सीबीआई जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया।
**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

### 'गेट ऑफ टीयर्स' बन सकता है नया वैश्विक संकट बिंदु



वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार पर पश्चिम एशिया संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य पर पहले से बने दबाव के बीच अब एक और अहम समुद्री मार्ग 'बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य' को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह जलडमरूमध्य जल्द ही एक नए वैश्विक तनाव केंद्र के रूप में उभर सकता है, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। 'होर्मुज जलडमरूमध्य' दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस के परिवहन का प्रमुख मार्ग है। ईरान ने खुद पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद इस मार्ग को बंद कर दिया है जिससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है। इसी बीच, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि अब बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य भी संकट का केंद्र बन सकता है। दरअसल, 28 मार्च को यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल की ओर मिसाइलें दागीं। यह कदम ईरान-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद पहली बार उठाया गया है। यमन, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के एक किनारे पर स्थित है और हूती पहले भी लाल सागर में जहाजों पर हमले कर चुके हैं, जिससे 2023 और 2024 में समुद्री यातायात बाधित हुआ था।

## ऑफ बीट

### रंगीन चावल क्या वास्तव में स्वास्थ्यवर्धक हैं



चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं - जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com


## विजयकुमार ने 3 और चहल ने 2 विकेट झटके

# आईपीएल पदार्पण में कोनोली का अर्धशतक पंजाब ने गुजरात को तीन विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ मुल्लांपुर

पंजाब किंग्स ने कूपर कोनाली (44 गेंद में नाबाद 72 रन) के अर्धशतक और लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की मदद से मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक टी20 मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से शिकस्त दी। कोनोली ने प्रभसिमरन सिह (37 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 76 रन की भागीदारी निभाई। कोनोली (पांच चौके, पांच छक्के) ने अंत में जेवियर बार्टलेट (नाबाद 11) के साथ मिलकर टीम को 19.1 ओवर में सात विकेट पर 165 रन तक पहुंचाकर जीत दिलाई। इससे पहले लेग चहल ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मध्य के ओवरों में गुजरात टाइटंस पर दबाव बनाने में मदद की जिससे वह छह विकेट पर 162 रन ही बना सकी। चहल ने चार ओवरों में 28 रन देकर दो विकेट झटके जबकि तेज गेंदबाज विजयकुमार विशाक ने 34 रन देकर तीन विकेट लिए। गुजरात टाइटंस ने प्रसिद्ध कृष्णा (29 रन देकर तीन विकेट) की अगुआई में पंजाब किंग्स के लगातार अंतराल पर विकेट चटकाकर दबाव बनाया लेकिन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कोनोली की सयंम से भरी धमाकेदार पारी ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कागिसो रबाडा, राशिद खान, अशोक शर्मा और वाशिंगटन सुंदर को एक एक विकेट मिला। पंजाब ने पारी के दौरान 14 छक्के और छह चौके लगाए। प्रियांश आर्य ने पहले ही ओवर में सिराज की आखिरी गेंद पर छक्का जड़ दिया लेकिन अगले ही ओवर में रबाडा की गेंद पर अशोक को आसान कैच दे बैठे। प्रभसिमरन अच्छी फॉर्म में दिख रहे थे, उन्होंने चौथे ओवर में रबाडा पर वाइड लांग ऑफ में और स्लिप कॉर्डन के ऊपर दो छक्के लगाए। इसी ओवर की अंतिम गेंद को कोनोली ने लांग ऑफ में छक्के के लिए भेजा। कोनोली ने पांचवें ओवर में अशोक पर डीप प्वाइंट पर छक्का लगाया और अंतिम गेंद पर पंजाब ने 50 रन पूरे किए।

**पंजाब किंग्स ने पारी के दौरान 14 छक्के और छह चौके लगाए**




### गुजरात-162/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साई सुदर्शन का श्रेयस बो यानसन | 13 |
| शुभमन का कोनोली बो चहल | 39 |
| जोस बटलर का बार्टलेट बो चहल | 38 |
| फिलिप्स का यानसन बो विशाक | 25 |
| वाशिंगटन का अर्शदीप बो विशाक | 18 |
| शाहरूख का अर्शदीप बो विशाक | 04 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 11 |
| राशिद खान नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 14

कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 162 रन

विकेट पतन : 1-37, 2-83, 3-119, 4-129, 5-144, 6-150

गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-42-0, जेवियर बार्टलेट 4-0-36-0, मार्को यानसन 4-0-20-1, विजयकुमार विशाक 4-0-34-3, युजवेंद्र चहल 4-0-28-2

### पंजाब-165/7 (19.1)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश का अशोक शर्मा बो रबाडा | 07 |
| प्रभसिमरन का कृष्णा बो राशिद | 37 |
| कूपर कोनोली नाबाद | 72 |
| श्रेयस अय्यर का सुंदर बो कृष्णा | 18 |
| नेहाल वढेरा का गिल बो सुंदर | 03 |
| शशांक सिंह का बटलर बो कृष्णा | 04 |
| स्टोइनिस का राशिद बो कृष्णा | 00 |
| मार्को यानसन का गिल बो अशोक | 09 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 11 |

अतिरिक्त : 04

कुल योग : 19.1 ओवर में सात विकेट पर 165 रन

विकेट पतन : 1-7, 2-83, 3-110, 4-113, 5-118, 6-118, 7-144

गेंदबाजी : मोहम्मद सिराज 2-0-15-0, कागिसो रबाडा 3-0-34-1, अशोक शर्मा 3-0-31-1, राशिद खान 4-0-29-1, वाशिंगटन सुंदर 3.1-0-27-1, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-29-3

# एशियाई स्क्वाश में अनाहत का जलवा, जीता बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एशियाई स्क्वाश महासंघ (एएसएफ) ने उभरती हुई युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह को लड़कियों के वर्ग (जूनियर) में शीर्ष सम्मान के लिए चुना है।


विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत कई बार एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी हैं। 2025 में उन्होंने काहिरा में आयोजित विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और वह भारत की स्वर्ण पदक विजेता विश्व कप मिश्रित टीम का भी हिस्सा रही थीं।



### अभय सिंह को 'उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी' घोषित

वहीं अभय सिंह को 'उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी' घोषित किया है। एएसएफ की जारी विजेताओं की सूची के अनुसार भारतीय लड़कों की टीम को 'पुरुष टीम पुरस्कार' के लिए चुना गया है, जिसने मिस्र में आयोजित 2025 विश्व जूनियर टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अभय वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज हैं। वह कई बार एशियाई खेलों में पदक जीत चुके हैं और एशियाई चैंपियनशिप के विजेता भी हैं। वह उस टीम का भी हिस्सा थे, जिसने पिछले साल भारत को पहला 'विश्व कप मिश्रित टीम' खिताब दिलाया था। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी 2022 में एएसएफ की वार्षिक पुरस्कार सूची में शामिल हुए थे जब सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप : प्रिया की शानदार जीत, जुझारू प्रदर्शन के बाद हारे जादूमणि



**उलानबटोर।** भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5-0 से जीत दर्ज की जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। महिलाओं के 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कजाखस्तान की रिम्मा वोलोस्सेंको को 5-0 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेंग्यू यांग से होगा। जादूमणि को जापान के रिम्मा यामागुची ने 3-2 से हराया। यामागुची ने अस्ताना में हुए टूर्नामेंट में रजत और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीता था।

## खबर संक्षेप



### पारंपरिक केंद्रों ही नहीं हर जगह में खेले जाएं टेस्ट

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारुप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं। बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026-27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। गांगुली ने कहा,' ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है । कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।' उन्होंने कहा,' हम सभी चाहते हैं कि ईडन पर ज्यादा मैच हो लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि दूसरे मैदानों पर भी मैच होने चाहिए।'

### आरसीबी में आया ठहराव खिलाड़ियों को पता है अपनी भूमिका : कृणाल

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कृणाल पंड्या का कहना है कि टीम में पिछले साल की तुलना में ठहराव आया है और खिलाड़ियों को इस सत्र में अपनी भूमिकाओं के बारे में बखूबी पता है। कृणाल ने कहा,' मेरा मानना है कि इस साल अधिक ठहराव आया है। पिछले साल यह नई टीम थी और सभी एक दूसरे को समझ रहे थे। इस साल खिलाड़ियों को अपनी भूमिका, एक दूसरे की ताकत और कमजोरी बखूबी पता है।' उन्होंने कहा,' जब मैं बड़े मौकों पर खेलता हूं तो मुझे लगता है कि अगर भगवान आपको यहां तक लाए हैं तो कोई कारण होगा और मुझे लगता है कि ये बड़े मौके मेरे लिए ही बने हैं। मुझे दबाव महसूस होता है लेकिन मैं सोचता हूं कि कैसे शांतचित्त रहूं और जरुरत के मुताबिक खेलूं।'



**आईपीएल 2026**

**दोनों टीमों के बीच खेले गए 7 मुकाबले**

**4 मैच दिल्ली तो 3 मैच में जीती लखनऊ**

# दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स में कांटे की टक्कर आज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईपीएल 2026 के पांचवें मुकाबले में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स की भिड़ंत लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेला जाना है।

लखनऊ और दिल्ली के बीच इस लीग में कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। आईपीएल में अब तक इन दोनों टीमों के बीच कुल 7 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 4 मुकाबले दिल्ली ने जीते हैं, जबकि 3 मुकाबलों में लखनऊ को जीत मिली हुई है। आईपीएल 2025 में इन दोनों टीमों के बीच कुल 2 मुकाबले खेले गए थे और दोनों ही बार दिल्ली कैपिटल्स विजयी रही थी। दिल्ली अपने इस दबदबे को इस सीजन भी कायम रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।



### टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान ), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीजके, एडेन माक्ररम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स,आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडि, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख। **मैच :** शाम 7.30 से

**आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग**

# बेथ की 26 महीने की बादशाहत खत्म जॉर्जिया वोल बनीं नंबर वन बल्लेबाज

एजेंसी ⏭ दुबई

ऑस्ट्रेलिया की युवा बल्लेबाज जॉर्जिया वोल आईसीसी की जारी ताजा टी20 रैंकिंग में दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने बेथ मूनी की 26 महीने से जारी बादशाहत को खत्म कर दिया है। हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में जॉर्जिया वोल का प्रदर्शन दमदार रहा था। भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना भी तीसरे नंबर पर खिसक गई हैं। इस टी20 सीरीज के दौरान जॉर्जिया वोल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपने टी20 करियर का पहला शतक भी लगाया था। उन्होंने 52 गेंदों में सेंचुरी पूरी की थी। जॉर्जिया ने ताजा रैंकिंग में 8 पायदान की छलांग लगाई है। वोल के अब 815 रेटिंग प्वाइंट्स हो गए हैं और वह बेथ मूनी से आगे निकल गई हैं। मूनी दूसरे नंबर पर खिसक गई हैं और उनके 788 रेटिंग प्वाइंट्स हैं।

### स्टार बल्लेबाज मंधाना एक पायदान खिसकी





### न्यूजीलैंड की अमेलिया बनीं नंबर वन ऑलराउंडर

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करने वालीं न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान अमेलिया केर दुनिया की नंबर एक ऑलराउंडर बन गई हैं। उनके कुल 508 रेटिंग प्वाइंट्स हो गए हैं और उन्होंने वेस्टइंडीज की स्टार खिलाड़ी हेली मैथ्यूज को नंबर 2 पर ढकेल दिया है। केर यह मुकाम हासिल करने वाली न्यूजीलैंड की महज चौथी खिलाड़ी हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ रेबेका स्टील, एमी वॉटकिंस और सोफी डिवाइन ही हासिल कर सकी हैं।

# शीतल देवी का बड़ा मंत्र अपनी सीमाएं खुद तय करो

- कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किए गए बलिदानों के बाद मिला सम्मान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुनी गई दुनिया की नंबर एक शीतल देवी का मानना है कि यह सम्मान बरसों की कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किए गए बलिदानों को दर्शाता है और उनका फलसफा यही है कि किसी और को अपनी सीमाएं तय करने नहीं दें। दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज शीतल को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना, जो उनकी असाधारण उपलब्धियों में एक और इजाफा है। बैंकॉक में एक टूर्नामेंट में भाग ले रही शीतल ने कहा,' यह अद्भुत है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों में नामांकन मिलना ही खास था और यह पुरस्कार जीतना यादगार और बहुत खास है। यह हर घंटे की कड़ी मेहनत, हर नाकामी और चुपचाप किए गए बलिदानों को दर्शाता है।'



### आज से सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप


**रांची।** 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप बुधवार से शुरू हो रही है, जिसमें तीन श्रेणियों में 29 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट 12 अप्रैल तक चलेगा और टीमें ए , बी तथा सी श्रेणियों में भाग लेंगी। ए श्रेणी की टीमें चैंपियनशिप खिताब के लिए खेलेंगी जबकि बी श्रेणी की शीर्ष दो टीमों और सी श्रेणी की विजेता टीम को प्रमोशन मिलेगा। ए और बी श्रेणी की आखिरी दो टीमें अगले साल क्रमशः बी और सी श्रेणी में खिसक जाएंगी। ए श्रेणी में बारह टीमों को चार पूल में बांटा गया है और नॉकआउट चरण नौ अप्रैल से खेला जाएगा। पूल ए में मेजबान हॉकी झारखंड, बिहार और महाराष्ट्र हैं जबकि पूल बी में ओडिशा, हॉकी पंजाब और हॉकी आंध्र प्रदेश हैं।

# चेन्नई लायंस की जगह यूटीटी में शामिल यूपी प्रोमेथियंस

एजेंसी ⏭ मुंबई


चेन्नई लायंस की जगह यूपी प्रोमेथियंस को अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में शामिल किया गया। आयोजकों ने लीग के सातवें सत्र से पहले यह घोषणा की। यूपी टीम के मालिक उद्यमी मुकेश शर्मा हैं।

यूटीटी के सातवें सत्र का आयोजन जुलाई में गोवा में होगा, जिसमें सात टीमें हिस्सा लेंगी। यह एकल राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेला जाएगा, जिसमें हर टीम लीग चरण में एक बार हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी। कुल मुकाबलों की संख्या 24 होगी, जो पिछले दो सत्र में 23 थी। जयपुर पैट्रियट्स भी लीग का हिस्सा नहीं रही क्योंकि उसने फ्रेंचाइजी समझौते की शर्तों का बार-बार उल्लघंन किया और लगातार भुगतान में चूक की।



### 9 अप्रैल से पहला लिटिल अंडमान प्रो, हिस्सा लेंगे सर्फर और स्टैंड-अप पैडर

**नई दिल्ली।** भारत के बेहतरीन सर्फर और स्टैंड-अप पैडर 9 से 12 अप्रैल तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में होने वाली पहली 'लिटिल अंडमान प्रो 2026 - राष्ट्रीय सर्फ और एसयूपी चैंपियनशिप' में पहला स्थान हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडल (एसयूपी) दोनों स्पर्धाएं होंगी। साथ ही इस प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को इस साल के एशियाई खेलों से पहले अनुभव भी मिलेगा। भारत ने 2024 एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में अपना पहला एशियाई खेलों का कोटा हासिल किया था और महाबलीपुरम में हुए 2025 के चरण में उस लय को बनाए रखते हुए आखिरकार जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए अधिकतम चार स्थान सुनिश्चित किए, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में दो-दो स्थान शामिल हैं।



## हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

# बॉक्सरों ने सेमीफाइनल मुकाबलों में दिखाए दमदार पंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

**चौथी सब-जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप**

शहर में चल रही हरियाणा राज्य स्तरीय चौथी सब-जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज कर खिलाड़ियों ने फाइनल में प्रवेश किया। चैंपियनशिप के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु ने शिरकत की। उन्होंने मुकाबलों की शुरुआत कराई और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। महासचिव ओमबीर हुड्डा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया। कोच गोविंद दलाल के अनुसार, लड़कियों के 30 से 33 किलोग्राम भारवर्ग में अंबाला की तन्वी, पानीपत की अक्षिता, 33 से 35 में झज्जर की वंदना, भिवानी की जिया, 35 से 37 में जींद की रितु, हिसार की यश्विनी, 37 से 40 में पानीपत की गरिमा हिसार की सोनिया, 40 से 43 में गुरुग्राम की तन्वी, कैथल की दीपांशु, 43 से 46 में पलवल की तमन्ना, करनाल की सिया, 46 से 49 में सोनीपत की सिया, गुरुग्राम की अंशुता, 49 से 52 में हिसार की प्रीत, करनाल की छवि संधु, 52 से 55 पलवल की लक्की, कैथल की क्षमा, 55 से 58 में झज्जर की आभा, सोनीपत की सुनैना, 58 से 61 में रोहतक की भूमिका, हिसार की कनिका, 61 से 64 में हिसार की माही पूनिया 64 से 67 किलोग्राम भारवर्ग में गुरुग्राम का आश्वी ने जीत दर्ज की।

वहीं 67 से 70 में कैथल की रिद्धिमा ने बाजी मारी, 70 से अधिक भारवर्ग में रोहतक की दीक्षा व कैथल की मानवी विजयी हुई। इसी तरह लड़कों के 30 से 33 किलोग्राम में रोहतक का वंश, साई हरियाणा का निर्भय, 33 से 35 में पानीपत का तनीष रावल, साई एच प्रणव विजेता बना। जबकि 35 से 37 में मेवात के अयान, सोनीपत के वंश, 37 से 40 में सोनीपत के आरव, भिवानी के गौरव, 40 से 43 किलो भारवर्ग में फतेहाबाद के केशन व हिसार के कुनाल, 43 से 46 में हिसार के वंश, झज्जर के अंश, 46 से 49 में सोनीपत के अंश, रोहतक के प्रशांत, 49 से 52 में करनाल के रक्षम, भिवानी के चेतन, 52 से 55 में रोहतक के अंशुमान, झज्जर के निखिल, 55 से 58 में सोनीपत के समर्थ, रेवाड़ी के अंश, 58 से 61 में भिवानी के मयंक, गुरुग्राम के आर्यन, 61 से 64 में सोनीपत के देव ने बाजी मारी।



बहादुरगढ़। मुकाबले की शुरुआत करते अतिथि एवं संघ के अध्यक्ष मेजर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु सिंधु व जीत के लिए पंच लगाते बॉक्सर।

# ईरान ने दी धमकी, आज से गूगल और एप्पल समेत 18 अमेरिकी कंपनियों पर करेंगे हमला


ईरान के इस्फहान में अमेरिका का बंकर बस्टर से हमला

## माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल, आईबीएम, टेस्ला और बोइंग को भी बनाएंगे निशाना

*अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच जारी जंग में तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच, अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को बड़ा झटका देते हुए इटली ने उसे अपने एक अहम हवाई अड्डे का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी है।*


इजराइल का लेबनान की राजधानी बेरूत के दहिया क्षेत्र पर मिसाइल से हमला

**तेहरान के समयानुसार रात 8 बजे से शुरू होंगे कंपनियों पर हमले**

**अमेरिकी जहाज जॉर्ज डब्ल्यू बुश नॉरफॉक से मिडिल ईस्ट के लिए रवाना**

एजेंसी ▶▶ तेहरान

वाशिंगटन। ईरान-यूएस-इजराइल युद्ध के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ईरान ने मंगलवार को कहा कि वह 1 अप्रैल से क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाएगा। यह कार्रवाई ईरान पर हुए कथित हमलों के जवाब में की जाएगी।

आईआरजीसी के बयान के अनुसार, जिन 18 कंपनियों को निशाना बनाने की चेतावनी दी गई है, उनमें माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, एप्पल, इंटेल, आईबीएम, टेस्ला और बोइंग शामिल हैं। बयान में कहा गया कि हर आतंकी कार्रवाई के बदले इन कंपनियों की इकाइयों को नष्ट किया जाएगा और यह कार्रवाई 1 अप्रैल को तेहरान के समयानुसार रात 8 बजे से शुरू हो सकती है।

**समझौता नहीं हुआ, तो इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाएगा**

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान के साथ समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका उसके महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाएगा। अमेरिका बिजली संयंत्रों, तेल कुओं और संभवतः पानी के शोधन संयंत्रों पर हमला कर सकता है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि बातचीत जारी है और उन्होंने ईरान की संसद के स्पीकर से संपर्क की पुष्टि की, हालांकि ईरान ने सीधे वार्ता से इनकार किया है। उन्होंने 6 अप्रैल तक डेडलाइन तय की है।

## ईरान के इस्फहान में अमेरिका ने 2000 किलो के बंकर बस्टर बम से किया हमला

अमेरिकी सेना ने इस्फहान के हथियार डिपो पर 2000 किलो वजनी बंकर बस्टर बम से हमला किया। इस्फहान में ही ईरान का संवर्धित यूरेनियम का भंडार भी रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। ईरान के इस्फहान शहर की आबादी करीब 23 लाख है और यहीं पर ईरानी सेना का बड़ा सैन्य अड्डा भी है। बीते साल जब अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था, तब भी इस्फहान में परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस्फहान की रणनीतिक अहमियत भी है। ईरान के संवर्धित यूरेनियम का बड़ा हिस्सा, जो करीब 540 किलो है, इस्फहान के भूमिगत ठिकानों में ही रखा है।

## ईरान का कुवैत के तेल टैंकर पर हमला

ईरान ने सोमवार को दुबई के बंदरगाह पर कुवैत के तेल टैंकर पर हमला किया गया, जिससे टैंकर में आग लग गई। कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने बताया कि दुबई पोर्ट पर खड़े अल-सलमी तेल टैंकर पर ईरानी हमले के कारण आग लग गई। दुबई के अधिकारियों ने जानकारी दी।

### इजराइली जहाज था टारगेट

निगरानी सेवा टैंकर ट्रैकर्स डॉट कॉम के मुताबिक इसमें 1.2 मिलियन बैरल सऊदी कच्चा तेल और 800,000 बैरल कुवैती कच्चा तेल था। जो चीन के किंगदाओ की ओर बढ़ रहा था। अल-सल्मी संभवतः टारगेट नहीं था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि उन्होंने खाड़ी में एक कंटेनर जहाज को टारगेट किया था, क्योंकि उसका संबंध इजरायल से था। लेकिन ऐसा मालूम होता है कि ईरान सिंगापुर का झंडा लगे, हेफोंग एक्सप्रेस का जिक्र कर रहे थे। शिपिंग डेटा के मुताबिक यह अल-सल्मी के पास लंगर डाले हुए था।

### बगदाद में अमेरिकी पत्रकार का अपहरण

बगदाद में एक अमेरिकी पत्रकार का अपहरण कर लिया गया। यह घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। इराकी सुरक्षा बल किडनैपर्स की तलाश कर रहे हैं। पत्रकार का अपहरण हुआ है, उसका नाम शैली किटलसन है और उसके पास अमेरिकी नागरिकता है। एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कुछ हफ्तों में ईरान ऑपरेशन होगा खत्मः रुबियो




*अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि वह ईरान के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई का लक्ष्य महीनों में नहीं, बल्कि हफ्तों में पूरा कर लेगा। रुबियो ने कहा कि अमेरिकी सेना अपने बताए गए मकसद को पाने में बहुत आगे या तय समय से आगे है, जिसमें ईरान की एयर फोर्स और नेवी को खत्म करना और उनके पास मौजूद मिसाइल लॉन्चर की संख्या में काफी कमी शामिल है। उन्होंने कहा कि हम ये मकसद, हफ्तों में हासिल कर लेंगे, महीनों में नहीं। उन्होंने साफ किया कि होर्मुज स्ट्रेट पर कंट्रोल करने की ईरान की कोई भी कोशिश मंजूर नहीं होगी। दुनिया का कोई भी देश इसे स्वीकार नहीं कर सकता है।*

### अमेरिका-इजराइल के जहाजों पर बैन अब हरेक जहाज को देना होगा 'टोल'

**तेहरान/नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। अब यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरान को टोल टोल देना होगा। ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज प्रबंधन योजना को मंजूरी दे दी है। इस नए कानून के तहत न केवल टैक्स वसूला जाएगा, बल्कि अमेरिका और इजराइल के जहाजों की एंट्री पर भी पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों को अब रियाल (ईरानी मुद्रा) में टोल चुकाना होगा। इस नई व्यवस्था को लागू करने के लिए ईरान, पड़ोसी देश ओमान के साथ मिलकर कानूनी ढांचा तैयार कर रहा है।

## होर्मुज पर जल्द ही अमेरिका का नियंत्रण होगाः वित्त मंत्री बेसेंट


अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि जल्द ही या तो अमेरिकी जहाजों या कई देशों के संयुक्त जहाजों के जरिए अमेरिका का नियंत्रण होर्मुज जलडमरूमध्य पर होगा। फिलहाल कुछ देश ईरान के साथ समझौते करके अपने जहाजों को जलडमरूमध्य पार करा रहे हैं। लेकिन समय के साथ अमेरिका इसे पूरी तरह नियंत्रित करेगा और वहां जहाजों को सुरक्षित रूप से गुजरने की स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने जोर दिया कि बाजार में तेल की आपूर्ति अच्छी है और रोजाना कई जहाज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। लेकिन अंततः अमेरिका इस रास्ते पर फिर से नियंत्रण स्थापित करेगा।

## नेतन्याहू बोले- ईरान के खिलाफ जंग खत्म नहीं हुई, आतंकी सत्ता कुचल रहे



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल ईरान के खिलाफ अपना सैन्य अभियान जारी रखेगा। जंग अभी खत्म नहीं हुई है। हम उस आतंकी शासन को कुचल रहे हैं जिसने डेथ टु अमेरिका, डेथ टु इजराइल के नारे लगाए थे। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए एक सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भरता कम करने के लिए ऊर्जा पाइपलाइनों का रास्ता बदलना चाहिए। इन पाइपलाइनों को सऊदी अरब के रास्ते लाल सागर और भूमध्य सागर की तरफ ले जाना एक स्थायी समाधान हो सकता है। नेतन्याहू ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के पास है। इस वजह से ईरान जब चाहे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को खतरे में डाल सकता है। सैन्य समाधान केवल कुछ समय के लिए स्थिरता दे सकता है।

### ईरानी हर जमीनी टकराव के लिए तैयार दुश्मन अंदाजा न लगाएः अराघची

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान किसी भी जमीनी टकराव के लिए तैयार है और उम्मीद करता है कि उसके दुश्मन गलत अंदाजा न लगाएं। ईरान ने अमेरिका के 15 प्रस्तावों में से किसी का भी जवाब नहीं दिया है और न ही अपना कोई प्रस्ताव या शर्तें पेश की हैं। ईरान को विटकॉफ से लगातार मैसेज मिल रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि बातचीत हो रही है। इन मैसेज में अलग-अलग रीजनल चैनलों के जरिए भेजी गई चेतावनी या आपसी नजरिए शामिल हैं।

### भारत दबाव डाले तो युद्ध रूक सकता हैः हिजबुल्लाह

*लेबनान में हिजबुल्लाह की संसदीय पार्टी के प्रमुख इब्राहिम मोसावी ने कहा कि इजराइल और लेबनान के बीच जारी युद्ध को भारत रोक सकता है। उन्होंने कहा कि यदि भारत इजराइल पर दबाव डाले कि यह मानवीय कानून के खिलाफ है, मानवता के खिलाफ है तो शायद वे यह युद्ध रोक दें। हम केवल एक डिफेंसिव फोर्स हैं। हम इजराइल पर हमला शुरू नहीं कर रहे हैं।*

### ईरान फुटबॉल वर्ल्ड कप खेलेगाः फीफा प्रमुख

फुटबॉल की संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा है कि ईरान की टीम वर्ल्ड कप में हिस्सा जरूर लेगी। हालांकि पहले यह चिंता जताई जा रही थी कि क्या ईरान की टीम अमेरिका जाकर मैच खेल पाएगी या नहीं।

### ईरान का एमक्यू-9 ड्रोन गिराने का दावा


ईरान की सेना ने दावा किया है कि उन्होंने मंगलवार को इस्फहान के पास एक एमक्यू-9 ड्रोन को निशाना बनाया है। ईरान का दावा है कि ये ड्रोन अमेरिका-इजराइल का है। ईरानी सेना के हवाले से मीडिया ने बताया कि ड्रोन को इंटरसेप्ट कर तबाह कर दिया गया। ईरान ने अमेरिका-इजराइल के अब तक कुल 146 ड्रोन तबाह करने का दावा किया है। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन बेहद खास है और इसे आमतौर पर सर्विलांस और हमलों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

---

## खबर संक्षेप

### कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

**ओटावा।** कनाडा के सरे में कथित तौर पर संगठित अपराध से जुड़े गोलीबारी के एक मामले में



भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह घटना शनिवार रात सरे के सुलिवन हाइट्स इलाके के टाउनहाउस परिसर में हुई। इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने सोमवार को बताया कि मृतक की पहचान 27 वर्षीय जसमन सेखों के रूप में हुई है।

### आर्टेमिस-2 के प्रक्षेपण की तैयारी पूरी

**केप कैनवेरल।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 53 वर्षों में पहली बार मानवयुक्त चंद्र मिशन के प्रक्षेपण के



लिए उलटी गिनती शुरू कर दी है। 'आर्टेमिस-2' मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर विशाल स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट बुधवार शाम प्रक्षेपण के लिए तैयार है। यह रॉकेट अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में एक दिन बिताने के बाद 'ओरियन' कैप्सूल के जरिए चंद्रमा की ओर लेकर जाएगा।

### सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति संतोखी का निधन

**पारामारिबो।** सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी का निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। सूरीनाम की राष्ट्रपति जेनिफर गीरलिंग्स-सायमंस ने सोशल मीडिया पर एक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। 'चान' के नाम से प्रख्यात संतोखी ने राष्ट्रपति के रूप में 2020 से 2025 तक देश की बागडोर संभाली थी। इससे पहले वह 2005 से 2010 तक न्याय एवं पुलिस मंत्री भी रहे थे।

## बस्तर में 35 नक्सलियों ने हथियारों समेत किया सरेंडर



**रायपुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में मंगलवार को 35 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। यह आत्मसमर्पण केंद्र सरकार की वामपंथ उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को खत्म करने की 31 मार्च की समय सीमा से ठीक कुछ घंटे पहले हुआ। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि इनमें से 25 कैडर माओवादियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) से जुड़े थे और उनमें 12 महिलाएं हैं। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि इन नक्सलियों ने बीजापुर जिले में पुलिस की 'पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के तहत आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि इन 25 नक्सलियों पर कुल 1.47 करोड़ रुपये का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता मिली है जिसके तहत बीजापुर में माओवादियों के ठिकानों से 93 हथियार, 2.90 करोड़ रुपये नकद और 7.20 किलोग्राम सोना बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 11.16 करोड़ रुपये है। पुलिस महानिरीक्षक ने इसे देश में नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में माओवादियों से बरामद की गई अब तक की सबसे बड़ी कीमती चीजों की जब्ती बताया है। इससे पहले, इस महीने की शुरुआत में माओवादियों के ठिकानों से 5.37 करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की गई थी—जिसमें 1.64 करोड़ रुपये का एक किलोग्राम सोना और 3.73 करोड़ रुपये नकद शामिल थे।

### बीमारी से जूझ रहीं मशहूर गायिका अलका याग्निक

मुंबई। 90 और 2000 के दशक के दौरान जिनकी आवाज ने सबको अपना दीवाना बनाने वाली अलका याग्निक अब गाना नहीं गा पा रही हैं। दरअसल, अलका ने साल 2024 में बताया था कि उन्हें हियरिंग डिसऑर्डर है यानी सुनने में दिक्कत हो रही है। इस वजह से ही वह स्पॉटलाइट से दूर हैं। अब सिंगर ने बताया कि वह अब भी इस दिक्कत से जूझ रही हैं। एक इंटरव्यू में अलका ने बताया कि इस दिक्कत की वजह से वह नया असाइमेंट्स नहीं ले पा रही हैं। वह बोलीं, कम्पोजर अप्रोच करते हैं मुझे। लेकिन मैं कर नहीं पा रही हूं। अल्का को इसी साल पद्म भूषण अवॉर्ड से नवाजा गया है।

### पंजाब में आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले के नूरपुर जट्टन गांव में एक इमारत की छत पर स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को मंगलवार को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक छड़ जैसी वस्तु का इस्तेमाल कर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया, जो कांच के एक मजबूत आवरण के अंदर थी। बाद में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया।

विदेश सचिव व रूसी उप-विदेश मंत्री की वार्ता

## भारत में होगी ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मौजूदा साल में ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास है। जिसके तहत सितंबर महीने में समूह के राष्ट्राध्यक्षों का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा सकता है। लेकिन उससे ठीक पहले 14 से 15 मई तक नई दिल्ली में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें भाग लेने के लिए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भारत की यात्रा कर सकते हैं। यह जानकारी रूस की समाचार एजेंसी तास ने उप-विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको के हवाले से दी है। जिसमें यह बताया गया है कि विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ब्रिक्स की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने की योजना बना रहे हैं। बैठक में उन अंतिम दस्तावेजों की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी। जिसे भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान शिखर सम्मेलन में पेश करेगा।

### मिस्री-रुडेंको ने इन मुद्दों पर की चर्चा

वहीं, विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री और रूस के उप-विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको ने बीते सोमवार को नई दिल्ली में हुई भारत-रूस विदेश कार्यालय मंत्रणा बैठक में भाग लिया। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए हर मामले पर चर्चा की गई और साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों पक्षों ने पिछले साल दिसंबर महीने में राष्ट्रीय राजधानी में हुए 23 वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की है।

वायु रक्षा क्षमता होगी और मजबूत

## वायुसेना के लिए माउंटेन रडार को मंजूरी, 1950 करोड़ का एमओयू

*पहाड़ी और सीमावर्ती इलाकों में रखेंगे दुश्मन पर पैनी नजर*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के बीच भारतीय वायुसेना के लिए दो माउंटेन रडार खरीदने को लेकर लगभग 1,950 करोड़ रुपए का यह महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। यह समझौता 31 मार्च को नई दिल्ली में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह सौदा 'भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित' श्रेणी के तहत किया गया है। इसका अर्थ यह है कि इस परियोजना में देश में विकसित तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इन रडार सिस्टम को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास स्थापना द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। इसका निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड करेगी।



### रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे

*ये अत्याधुनिक रडार दुर्गम क्षेत्रों में भी सटीकता के साथ काम करने में सक्षम हैं। विशेष रूप से पहाड़ी और कठिन सीमावर्ती इलाकों में भी दुश्मन की हवाई गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ये रडार उपयुक्त हैं। इन रडार की तैनाती से देश की वायु रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। साथ ही दुश्मन की किसी भी हरकत का समय रहते पता लगाना आसान होगा। ये आधुनिक रडार अलग-अलग टेरीयन में भारतीय वायुसेना के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। रक्षा मंत्रालय की यह पहल आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत की गई है। निर्माण की इस महत्वपूर्ण परियोजना में रडार के साथ-साथ उससे जुड़े उपकरण और जरूरी बुनियादी ढांचे को भी शामिल किया गया है।*

सेमीकंडक्टर और ग्रीन हाइड्रोजन साझेदारी पर चर्चा

## पीएम मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटन से की फोन पर बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन से फोन पर बात की। बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-नीदरलैंड संबंधों को और गहराई देने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि सोमवार को नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन से बात करके खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। हमने सेमीकंडक्टर, बड़े जल प्रोजेक्ट, ग्रीन हाइड्रोजन और टैलेंट मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में अपनी साझेदारी की संभावनाओं पर जोर दिया। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और इस क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया। इस बातचीत में हाई-टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। पीएम मोदी ने बड़े जल परियोजनाओं पर भी चर्चा की, जहां बाढ़ प्रबंधन, डेल्टा तकनीक और टिकाऊ जल समाधानों में नीदरलैंड अनुभव भारत की जल सुरक्षा और जलवायु लचीलेपन के प्रयासों में महत्वपूर्ण सहयोग दे सकता है।

अपनी मारक क्षमता से समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों से निपटेगा नया युद्धपोत

## भारतीय नौसेना को स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट 'दूनागिरी' सौंपा गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीलगिरी श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) के पांचवें और इस श्रेणी के दूसरे युद्धपोत, दूनागिरी (यार्ड 3023), को कोलकाता स्थित जीआरएसई में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। इसका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में किया गया है। यह युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट बहुमुखी बहु-मिशन प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है।


'दूनागिरी' युद्धपोत

### लिएंडर श्रेणी के फ्रिगेट का नवीनतम स्वरूप

*दूनागिरी, पूर्व में भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहे लिएंडर श्रेणी के फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी का नवीनतम स्वरूप है, जिसने 5 मई 1977 से 10 अक्टूबर 2010 तक 33 वर्षों तक राष्ट्र को गौरवशाली सेवा प्रदान की। यह अत्याधुनिक फ्रिगेट नौसेना डिजाइन, स्टील्थ, मारक क्षमता, स्वचालन में अभूतपूर्व प्रगति का प्रतीक है और युद्धपोत निर्माण में आत्मनिर्भरता का बेहतरीन उदाहरण है।*

### भारतीय नौसेना को मिला 'संशोधक' युद्धपोत

भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा संचालित अंतिम सर्वेक्षण पोत (विशाल) संशोधक (यार्ड 3028) को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। यह पोत बंदरगाह/हार्बर के मार्गों का पूर्ण पैमाने पर तटीय और गहरे पानी का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने और नौवहन चैनलों/ मार्गों का निर्धारण करने में सक्षम है।



### युद्धपोत तारागिरी का 3 अप्रैल को लोकार्पण



*भारतीय नौसेना अपने नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट तारागिरी (एफ41) को 3 अप्रैल 2026 को विशाखापत्तनम में कमीशन करने जा रही है। इस समारोह की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। यह प्रोजेक्ट 17ए क्लास का 6,670 टन वजनी फ्रिगेट 'मेक इन इंडिया' की प्रतिबद्धता और देशी शिपयार्ड की उन्नत इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रतीक है। आधुनिक हथियार और फ्लेक्सिबल मिशन प्रोफाइल के साथ, तारागिरी भारत की समुद्री ताकत और नीली सीमाओं की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा। कंबाइंड डीजल या गैस प्रोपल्शन प्लांट से चलने वाला, तारागिरी 'हाई-स्पीड - हाई एंड्योरेंस' वर्सेटिलिटी और मल्टी-डाइमेंशनल समुद्री ऑपरेशन के लिए डिजाइन किया गया है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28